रायपुर, शुक्रवार 10 मई 2024
haribhoomi.com
परशुराम जयंती आज
# हरिभूमि
अक्षय तृतीया की मंगलकामनाएं
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



EiSH
A Modern You



Explore Eish, where luxury and modern style come together in our bespoke 18 Karat jewellery. Discover exquisite craftsmanship and sophisticated designs tailored for those who appreciate elegance. Elevate your style with our curated collection, crafted with passion and precision to add timeless beauty to every occasion.

A Modern you

Eish the ultimate destination for luxurious and modern 18k jewellery

ईश

EiSH

from the house of Anand Jewels

Eish, a contemporary jewellery brand from the prestigious house of Anand Jewels. Rooted in a rich legacy of excellence, we offer modern designs crafted with precision and passion for "A Modern You".

Come, witness the world of timeless artistry.



EiSH
A Modern You
by
anand Jewels

18 Karat Fine Jewellery
GOLD | DIAMOND | POLKI

NRK High Street, AB Road, Indore

/eish_byanandjewels


परशुराम जयंती आज

# हरिभूमि

अक्षय तृतीया की मंगलकामनाएं

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



₹ 555/- OFF
PER GRAM
ON GOLD PRICES

इस अक्षय तृतीया लाये घर समृद्धि का शगुन

3rd TO 10th MAY-2024
अक्षय तृतीया
और
19TH
ANNIVERSARY
CELEBRATION

LOWEST GOLD PRICE*

| | | MARKET GOLD PRICES* | SUMEET GOLD PRICES* |
|---|---|---|---|
| 22 kt | 91.6% | ₹ 6625 | ₹ 6070 |
| 20 kt | 83.3% | ₹ 6025 | ₹ 5470 |
| 18 kt | 75.0% | ₹ 5425 | ₹ 4870 |

*condition apply *GST as applicable

हम गढ़ते है विश्वास
SUMEET
JEWELLERS

मालवीय रोड, रायपुर | बसंतपुर रोड, राजनंदगांव
गंजलाईन, नयापारा राजिम | पुलगांव चौक, दुर्ग



Symbol of Trust
at
Since 1957
Anopchand Tilokchand Jewellers
follow us on @atjewels.in
शुभ अक्षय तृतीया
देवी लक्ष्मी के आशीर्वाद से आप और आपका परिवार, सभी बाधाओं से मुक्त हो, तथा धन, धान्य एवं सन्तान से सम्पन्न हो। आपके समृद्ध, सम्पनता और सफलता की मनोकामनाओ के साथ
AT परिवार की ओर से
अक्षय तृतीया की उन्नत शुभकामनाएँ
ना लूट ना छूट
सही मूल्य, शुभ हाथों से, शुद्धता के साथ
स्वयं के कारखाने में निर्मित 100% शुद्ध आभूषण
ब्राइडल एवं अन्य आभूषणों में हर बार एक्सक्लूसिव कलेक्शन
67 वर्षों से लगातार आपकी सेवा में अग्रसर AT ज्वेलर्स आपका विनम्र स्वागत करता है।
आज सुबह 8 बजे से आपकी सेवा में...
An ISO 9001:2015 Company
अनोपचंद तिलोकचंद
ज्वेलर्स प्रा.लि.
MAGNIFICENT FLAGSHIP STORE A.T. Palace
SCAN & ADD US ON SOCIAL MEDIA
VALET PARKING AVAILABLE
AT पैलेस, सिटी कोतवाली, रायपुर
Call : 94255 62811, 0771 4025343
Website www.atjewels.in
at BUILDCON PRIVATE LIMITED
रायपुर AT पैलेस सिटी कोतवाली चौक
रायपुर अनूप प्लाजा, सदर बाजार
रायपुर न्यू क्लॉथ मार्केट, गेट नं. 2, पंडरी
बिलासपुर लिंक रोड, सी.एम.डी. चौक
कोरबा पावर हाउस रोड
गोंदिया गाँधी प्रतिमा के पास
Eighty JEWELLERS
EIGHTY JEWELLER




लोकसभा चुनाव में इस बार देश के कई राज्यों में मतदान के आंकड़ों को लेकर बहस छिड़ी हुई है। कई राज्यों में मतदान घट गया है, पर सुकून की बात यह है कि छग की कई सीटों पर बंपर वोटिंग हुई हैं। यहां तक कि रायपुर लोकसभा ने भी बाजी मार ली। पिछले चुनाव के मुकाबले यहां वोटिंग का आंकड़ा बढ़ा है। यह सब हुआ है प्रशासन की ऐहतियाती तैयारी और कड़ी मशक्कत के साथ अभिनव प्रयोग से। कलेक्टर गौरव सिंह ने चावल-पाती के साथ मतदाताओं को न्योता देने से लेकर बूथों पर स्वागत-सत्कार जैसे प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया, जो सफल रहा।

मप्र की राजधानी भोपाल पिछड़ गया, पर छग की राजधानी रायपुर में कमाल, पिछले चुनाव से वोटिंग ज्यादा

# देश में घटा मतदान, पर छग में बढ़ा, रायपुर ने भी मारी बाजी, प्रशासन का प्रयोग रहा सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छग में तीसरे चरण की वोटिंग पर नजर डालें तो यह संतोषप्रद है कि पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में राज्य में इस बार 1.31 प्रतिशत वोटिंग बढ़ी है। रायपुर लोकसभा भी वोटिंग प्रतिशत में आगे रहा है। रायपुर लोकसभा में भी इस बार 66.82 प्रतिशत वोटिंग हुई है, जो पिछले चुनाव से 0.82 प्रतिशत अधिक है। जिला प्रशासन ने रायपुर लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग का प्रतिशत बढ़ाने जागरूकता अभियान के तहत कई सराहनीय प्रयास किए हैं। इसमें कई जगहों पर बैनर-पोस्टर के साथ स्वीप अभियान के तहत कार रैली, बाइक रैली, नुक्कड़ नाटक, क्रिकेट प्रतियोगिता, घर-घर जाकर पीले चावल व आमंत्रण पत्र देकर भी मतदाताओं को जागरूक किया है। प्रशासन के इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम भी मिले, जिससे रायपुर लोकसभा क्षेत्र में इस बार वोटिंग प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने गुरुवार को मतदाताओं को जागरूक और मतदान के लिए प्रेरित करने वाले सभी शासकीय , गैर शासकीय प्रतिभागियों, विभिन्न लोक सेवी संस्थाओं और संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में इस बार लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान प्रतिशत में 1.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में तीन चरणों में हुए मतदान में कुल 72.8 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह प्रदेश में हुए अब तक के लोकसभा चुनावों में मतदान का सर्वाधिक प्रतिशत है।

**प्रदेश में 72.8 % मतदान इस बार 1.31% ज्यादा पड़े वोट**



**तीसरे चरण के मतदान के आंकड़े**

| | |
|---|---|
| सरगुजा | 79.89 |
| रायगढ़ | 78.85 |
| कोरबा | 75.63 |
| दुर्ग | 73.68 |
| जांजगीर-चांपा | 67.56 |
| रायपुर | 66.82 |
| बिलासपुर | 64.77 |




रायपुर लोकसभा क्षेत्र में इस बार कुल 66.82 प्रतिशत वोटिंग हुई है जो पिछले चुनाव की तुलना में .82 प्रतिशत ज्यादा है। रायपुर में सबसे ज्यादा अभनपुर विधानसभा में 81.19 प्रतिशत वोटिंग हुई है, वहीं धरसींवा में 75.64, रायपुर ग्रामीण में 59.24%, रायपुर पश्चिम में 56.65%, रायपुर उत्तर में 57.71%, रायपुर दक्षिण में 61.42%, आरंग में 72.73% वोट पड़े है। इसके अलावा बलौदाबाजार में 73.24% तथा भाटापारा विधानसभा में 69.53 % वोटिंग हुई है।

**रायपुर लोकसभा क्षेत्र में 66.82% वोटिंग अभनपुर में सबसे ज्यादा**

## सकारात्मक प्रयास से बढ़ी वोटिंग : कलेक्टर गौरव सिंह

रायपुर लोकसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ा इस पर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह ने कहा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए हमने इस बार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कई आयोजन किए। इन आयोजनों के दौरान पहली बार घर-घर मतदाताओं को पीले रंग वाले चावल और आमंत्रण पत्र (पाती) देकर मतदान केंद्र में जाकर मतदान करने प्रेरित किया है। इस अभियान के तहत जिलेभर में लगभग 7 लाख मतदाताओं के घर-घर जाकर पीले चावल के साथ आमंत्रण पत्र दिया गया। इसके अलावा कार रैली, बाइक रैली, नुक्कड़ नाटक, क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित कर मतदाताओं को मतदान जागरूकता का संदेश दिया।



## सोशल मीडिया

### पित्रोदा को जितने जूते मारें, उतने कम हैं : लक्ष्मण सिंह



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह फिर सुर्खियों में हैं। उन्होंने पूर्व ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष सैम पित्रोदा को जूते मारने की बात कह है। लक्ष्मण सिंह ने एक्स पर लिखते हुए कहा कि "सैम पित्रोदा का बयान अत्यंत शर्मनाक है। इसमें जितने जूते मारे उतने कम हैं। "लक्ष्मण सिंह के इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। गौरतलब है, पित्रोदा ने नार्थ ईस्ट, दक्षिण सहित अन्य राज्य के लोगों के रंग पर टिप्पणी की थी, जिसे लेकर विवाद हो गया है, देशभर में उनकी आलोचना हो रही है।

### 'बांटो और राज करो' कांग्रेस की नीति : मुख्यमंत्री योगी



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस को जमकर घेरा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वह कांग्रेस के बुद्धिदाता हैं तो स्वाभाविक रूप से कांग्रेस की 'बांटों और राज करो' की जो नीति है उसी को सैम पित्रौदा आज बयान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश को 1947 में बांटने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। आजादी के बाद भी जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर देश को बांटने का पाप कांग्रेस ने किया है। सैम पित्रौदा का बयान अत्यंत निंदनीय है और यह बयान 140 करोड़ भारतवासियों को अपमानित करने वाला है।

## '15 मिनट नहीं, बस 15 सेकेंड के लिए हट जाए पुलिस तो'



नवनीत राणा ने दी ओवैसी बंधुओं को चुनौती

**हैदराबाद।** देश में इन दिनों लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। चौथे चरण की वोटिंग से पहले एक बार फिर सियासी लड़ाई हेट स्पीच तक आ पहुंची है। बीजेपी नेता और अमरावती से बीजेपी उम्मीदवार नवनीत राणा ने हैदराबाद में ओवैसी भाइयों को खुली चुनौती दी है। बीजेपी प्रत्याशी माधवी लता के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंची राणा ने कहा, 'छोटा बोलता है कि, पुलिस को 15 मिनट हटा दो तो हम दिखाएंगे की क्या कर सकते हैं। छोटे को मेरा कहना है, तुझे 15 मिनट लगेंगे छोटे, हमको सिर्फ 15 सेकेंड लगेंगे। 15 सेकेंड के लिए अगर पुलिस को हटाया तो छोटे-बड़े को ये पता नहीं लगेगा कि कहां से आया कहां को गया।' बता दें कि एआईएमआईएम प्रमुख के भाई अकबरुद्दीन ओवैसी ने साल 2013 में दी गई एक हेट स्पीच में कहा था कि अगर पुलिस को 15 मिनट के लिए हटा लिया जाए तो हम 25 करोड़ (मुस्लिम) 100 करोड़ (हिंदुओं) को खत्म कर देंगे।

### 15 सेकंड नहीं, बल्कि एक घंटा ले लीजिए : ओवैसी

इधर, अमरावती से बीजेपी उम्मीदवार राणा के बयान पर एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने भी पलटवार किया है। ओवैसी ने कहा, 'मैं पीएम मोदी से कह रहा हूं कि आप 15 सेकंड दें। 15 सेकंड नहीं, बल्कि एक घंटा ले लीजिए। प्रधानमंत्री के पास ये अख्तियार है। हम तैयार हैं, हम डरने वाले नहीं हैं। हम भी यह देखना चाहते हैं कि आपमें कितनी इंसानियत बची है। हमको बता दीजिए कहां पर आना है, हम आ जाते हैं।

## 'बीजेपी अभी भी मेरे साथ खड़ी है, यौन शोषण का आरोप झूठा'



बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूपी के कैसरगंज से बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में महिला पहलवानों से यौन शोषण के आरोप से लेकर बेटे को बीजेपी का टिकट पर बातचीत की। बृजभूषण सिंह ने बेटे के टिकट को लेकर कहा, बीजेपी अभी भी मेरे साथ खड़ी है। अगर पार्टी ने मेरे बेटे को टिकट नहीं दिया होता तो आप कह सकते थे कि पार्टी मेरे साथ नहीं खड़ी है। बता दें कि महिला पहलवानों द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोपों के बीच बीजेपी ने उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से बृजभूषण के बेटे करण भूषण को मैदान में उतारा है। बृजभूषण ने कहा, इसे किसी भी तरह से देखा जा सकता है। अपने बेटे को उत्तराधिकारी के रूप में देखना एक पिता के लिए बहुत संतोषजनक है। बृजभूषण छह बार के सांसद हैं।

### 'खुद फांसी पर लटक जाऊंगा'

महिला पहलवानों से यौन शोषण मामले को लेकर बृजभूषण ने कहा, हम इस केस में निर्दोष निकलेंगे। सारे आरोप गलत हैं। कुछ नहीं हुआ है। सिर्फ झूठ ही झूठ है। सच्चाई सामने आएगी। अगर एक भी प्रकरण साबित हो जाएगा कि हां मैंने किसी के साथ कोई शरारत की है तो स्वतः फांसी पर लटक जाऊंगा। जो मेरा पूर्व का बयान है, उसी पर कायम हूं।

बृजमोहन-विकास कार्यकर्ताओं से ले रहे फीडबैक तो शिव डहरिया परिवार को दे रहे समय

# चुनाव से लौटे, पर फुर्सत अभी नहीं, सरोज उप्र विजय प्रयागराज और देवेंद्र जाएंगे रायबरेली

*छत्तीसगढ़ में लोकसभा का चुनाव समाप्त होने के बाद भाजपा और कांग्रेस के कुछ प्रत्याशी जहां दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार करने जाने वाले हैं, वहीं कुछ ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलना-जुलना जारी रखा है। रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल और विकास उपाध्याय कार्यकर्ताओं से लगातार मिल रहे हैं। पार्टी का निर्देश मिलने पर ये दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे।*







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर, भिलाई

दुर्ग लोकसभा के प्रत्याशी विजय बघेल 12 मई से प्रयागराज जाएंगे। कोरबा से चुनाव लड़ने वाली सरोज पांडेय फिलहाल अपने बीमार पिता के साथ हैं। वह जल्द ही उत्तर प्रदेश जाएंगी। राष्ट्रीय संगठन ने उनको वहां जाने के निर्देश दिए हैं। बिलासपुर से चुनाव लड़ने वाले देवेंद्र यादव अभी परिवार के साथ व्यस्त हैं। लेकिन वे भी आज-कल में रायबरेली जाएंगे जहां से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं। जांजगीर चांपा से चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस के प्रत्याशी शिव डहरिया परिवार के साथ समय व्यतीत कर रहे हैं। कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. सरोज पांडेय कोरबा से लौटते समय बिलासपुर महामाया मंदिर में दर्शन करने के बाद बुधवार देर रात रिसाली स्थित अपने घर पहुंची। विश्राम करने के बाद डॉ. पांडेय गुरुवार की सुबह सबसे पहले सेक्टर-9 स्थित अस्पताल में भर्ती अपने पिता श्यामजी पांडेय से मिलने पहुंची। डॉ. सरोज ने अपने पिता से आशीर्वाद लिया और घंटों एकांत में अपने पिता के साथ रही। श्यामजी पांडेय अस्वस्थ हैं और उनका उपचार सेक्टर-9 अस्पताल में जारी है। पिता से मिलने के बाद डॉ. सरोज सेक्टर-9 के विशेषज्ञ चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य को लेकर बातचीत की। अस्पताल से लौटकर डॉ. सरोज ने अपने बड़े भाई राकेश पांडेय, भाभी और बच्चों के साथ समय व्यतीत किया। कुछ एक परिचितों से भी मुलाकात की। जानकारी के अनुसार डॉ. सरोज पांडेय जल्द उत्तर प्रदेश जाएंगी। वहां उन्हें भारतीय जनता पार्टी द्वारा दायित्व दिया गया है उसका निर्वहन करेंगी।

### देवेंद्र अभी परिवार के बीच

बिलासपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव बुधवार तकरीबन रात 1:30 बजे भिलाई स्थित सेक्टर-5 पहुंचे। रात को आराम करने के बाद गुरुवार की सुबह देवेंद्र यादव अपनी पत्नी डॉ. श्रुतिका के हाथों बनाया गरमा गरम नाश्ता किया। उसके बाद मां पुष्पा यादव और बेटे राम के साथ समय व्यतीत किया। देवेंद्र ने घर पर बेटे राम के साथ जमकर मस्ती की। दोपहर का भोजन करने के बाद चुनावी थकान मिटाने आराम करना मुनासिब समझा। जानकारी के अनुसार विधायक देवेंद्र यादव आज-कल में रायबरेली उत्तर प्रदेश जाकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के चुनावी अभियान को गति देंगे।

### विजय बोले- करेंगे गंगा के दर्शन

दुर्ग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सांसद विजय बघेल ने बताया, पार्टी के निर्देश पर वे 12 मई को प्रयागराज जा रहे हैं। वहां पर भाजपा के प्रत्याशी के पक्ष में काम करेंगे। उन्होंने कहा, फिलहाल किसी धार्मिक स्थान पर जाने का कार्यक्रम नहीं है, लेकिन प्रयागराज जा रहे हैं तो वहां पर गंगाजी का दर्शन करके डुबकी लगाएंगे।

### बृजमोहन-विकास की कार्यकर्ताओं से चर्चा

*रायपुर लोकसभा का चुनाव निपटने के बाद बृजमोहन अग्रवाल के निवास में कार्यकर्ताओं का तांता लगा हुआ है। लगातार उनसे मिलने के लिए कार्यकर्ता आ रहे हैं और अभी से उनको बधाई दे रहे हैं। सभी एक स्वर में कह रहे हैं कि बड़े अंतर से जीत मिलेगी। श्री अग्रवाल भी आने वाले समय में पार्टी का निर्देश मिलने पर दूसरे राज्य में चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे। कांग्रेस के प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने बताया वे अभी तो कार्यकर्ताओं से लगातार मिल रहे हैं, लेकिन जल्द ही पार्टी का निर्देश मिलने पर वे किसी राज्य में चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे।*

तेलंगाना में बोले गृह मंत्री अमित शाह

# 'राहुल की चाइनीज गारंटी' वर्सेज 'पीएम मोदी की भारतीय गारंटी'

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

लोकसभा चुनाव में चौथे चरण की वोटिंग का वक्त नजदीक आ गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को तेलंगाना के भोंगिर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया और कांग्रेस को सीधे निशाने पर लिया। शाह ने कहा, 2024 का चुनाव राहुल गांधी विरुद्ध नरेंद्र मोदी का चुनाव है। यह चुनाव वोट फॉर जिहाद विरुद्ध वोट फॉर विकास का चुनाव है। यह चुनाव अपने परिवार के कल्याण विरुद्ध देश की जनता के कल्याण का चुनाव है। यह चुनाव राहुल गांधी की चाइनीज गारंटी के खिलाफ....मोदी की भारतीय गारंटी का चुनाव है। शाह का कहना था कि तृष्टिकरण की जो एबीसी है न, इसका मतलब है- ए से असउद्दीन ओवैसी, बी से बीआरएस, सी से कांग्रेस पार्टी।



### तेलंगाना में इस बार 10 से ज्यादा सीटें जीतेंगे

शाह ने कहा, कांग्रेस पार्टी अपने वादे पूरे नहीं करती है। हालांकि, पीएम मोदी अपनी गारंटी पर कायम हैं। पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 खत्म किया, ताकि अनंत काल तक कश्मीर में तिरंगा लहराता रहे। शाह का कहना था कि 2019 में तेलंगाना की जनता ने हमें 4 सीटें दीं. इस बार हम तेलंगाना में 10 से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतेंगे। तेलंगाना में यह डबल डिजिट स्कोर पीएम मोदी को 400 सीटों के पार पहुंचा देगा। कांग्रेस चाहती है- झूठ बोलकर चुनाव लड़ना. वो कहते हैं कि अगर पीएम मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे तो आरक्षण खत्म कर देंगे।

रायबरेली में प्रियंका गांधी ने साधा निशाना

# 'बीजेपी की मशीनरी राहुल गांधी के खिलाफ झूठ फैलाने में लगी'

एजेंसी ▶▶| रायबरेली

गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली में प्रियंका गांधी चुनाव प्रचार अभियान को धार देने के लिए पहुंची हैं। यहां पर एक जनसभा में प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा की पूरी मशीनरी राहुल गांधी के खिलाफ झूठ फैलाने में लगी हुई है। बीजेपी को टारगेट करते हुए यह भी कहा कि पार्टी धर्म, जाति और मंदिर-मस्जिद के बारे में बोलती है लेकिन असल मुद्दों पर बात करने से बचती है। रायबरेली में प्रियंका ने कहा कि यहां के लोग नेताओं को सही तरीके सा जानते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को जब इंदिरा गांधी की नीति पसंद नहीं आई तो उन्होंने इंदिरा गांधी को हरा दिया। इंदिरा गांधी गुस्सा नहीं हुईं और उन्होंने आत्ममंथन किया। आपने उनको दोबारा से चुना। यही तो रायबरेली की खासियत है कि वह नेताओं को सही से समझते हैं।



### अंबानी-अदाणी को लेकर भी बीजेपी पर निशाना साधा

प्रियंका ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि राहुल गांधी अदाणी का नाम नहीं ले रहे हैं। सच्चाई यह है कि राहुल गांधी रोजाना अदाणी के बारे में बात करते हैं। ऐसा लगता है कि पीएम मोदी भी उनका नाम लेने के लिए मजबूर हैं। 'पीएम मोदी के 400 सीटों की जरूरत है इसलिए कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर पर बाबरी ताला नहीं लगा सकती' वाले बयान पर टिप्पणी करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सरासर झूठ है। कांग्रेस ने बार-बार कहा है कि हर कोई सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करेगा और आगे भी करते रहेंगे।

## वर्तमान लोस अध्यक्ष ओम बिरला तोड़ पाएंगे मिथक, दिलचस्प होगा यह चुनाव

# 1999 के बाद से कोई स्पीकर दोबारा नहीं पहुंचा संसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राजस्थान में चंबल नदी के किनारे बसा कोटा देश की शैक्षिक राजधानी बन चुकी है, लेकिन राजनीतिक नक्शे पर भी इसकी अहमियत काफी ज्यादा है। कोटा का लोकसभा क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी का गढ़ माना जाता है। इस बार बीजेपी ने यहां से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को चुनावी दंगल में उतारा है। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने प्रह्लाद गुंजल को टिकट दिया है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को चुनाव जीतकर फिर से संसद जाना काफी चुनौती भरा हो सकता है। क्योंकि पिछले कुछ चुनाव के आकड़ों पर नजर डालें तो जो कोई भी लोकसभा स्पीकर बना है वह दोबारा से लोकसभा चुनाव जीतकर संसद नहीं पहुंच सका है।


### जीएमसी बालयोगी

अब सबसे पहले बात करतें है जीएमसी बालयोगी की। अक्टूबर 1999 में जब देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी और अटल बिहारी वाजपेयी पीएम थे। तो तेलुगु देशम पार्टी के नेता जीएमसी बालयोगी को लोकसभा का स्पीकर बनाया गया। हालांकि, वे ज्यादा लंबे समय तक स्पीकर के पद पर नहीं रह सके। 3 मार्च 2002 को कैकालुर आंध्र प्रदेश में एक हेलीकॉप्टर हादसे में उनका निधन हो गया।



### मनोहर जोशी

हेलीकॉप्टर हादसे में निधन के बाद अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में शिवसेना के नेता मनोहर जोशी को लोकसभा का स्पीकर चुना गया था। 2 साल 23 दिनों तक स्पीकर रहने के बाद जब साल 2004 में लोकसभा के इलेक्शन हुए तो जोशी मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से उम्मीदवार के रूप में खड़े हुए। लेकिन उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। राजनीति में मजबूत पकड़ के बावजूद वे हार गए।



### सोमनाथ चटर्जी

2004 में यूपीए की सरकार ने दोबारा से सत्ता में वापसी की। तब सबकी सहमति से चटर्जी अध्यक्ष बने। वे पश्चिम बंगाल की बोलपुर लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर सदन में पहुंचे थे। साल 2008 में अमेरिका के साथ न्यूक्लियर डील पर पार्टी का विरोध करने पर वे 23 जुलाई 2008 को सीपीएम ने निलंबित हुए। अगस्त 2008 में उन्होंने सरकार का कार्यकाल समाप्त होने के बाद राजनीति को अलविदा कह दिया।



### मीरा कुमार

2009 में यूपीए सरकार ने फिर से सत्ता में वापसी की। मनमोहन सिंह दोबारा से देश के प्रधानमंत्री बने। उन्होंने मीरा कुमार को कैबिनेट में मंत्री बनाया। हालांकि, कुछ दिनों के बाद ही उन्हें लोकसभा का स्पीकर चुन लिया गया। लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव में सासाराम से ही उन्हें बीजेपी के छेदी पासवान से हार का सामना करना पड़ा और वह संसद नहीं पहुंच सकीं।




### सुमित्रा महाजन

2014 में नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने और इंदौर लोकसभा सीट से लगातार 8 बार चुनाव जीतने वाली सुमित्रा महाजन को सर्वसम्मति से स्पीकर बनाया गया। जब साल 2019 के चुनाव में टिकट के बंटवारे को लेकर चर्चा की जा रही थी तो उस समय सुमित्रा की उम्र को देखकर उनके नाम का ऐलान करने में देरी हो रही थी। पार्टी की हिचकिचाहट को देखते हुए सुमित्रा ने खुद ही चुनाव न लड़ने की घोषणा कर दी।



### ओम बिरला

2019 में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनी। इस बार भारतीय जनता पार्टी के कोटा सांसद ओम बिरला को लोकसभा का अध्यक्ष बनाया गया। बीजेपी ने फिर से लोकसभा चुनाव 2024 के लिए ओम बिरला को ही कोटा से टिकट दिया है। उनके सामने बीजेपी से कांग्रेस में शामिल होकर आए प्रहलाद गुंजल से कड़ी टक्कर है। इस सीट पर रोचक मुकाबला होगा।



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## कामयाबी सुविधाओं की मोहताज नहीं

# पीयूष के पिता करते हैं जंगलों की पहरेदारी, साहिल के पिता मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर/वाड्रफनगर

गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम में जिले के तीन विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपनी जगह बनाने में सफलता हासिल की है। 10वीं बोर्ड में जिला झलपी में रहने वाली किसान की बेटी अंशिका गुप्ता ने प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया है। अंशिका डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहती है। इसी तरह बारहवीं बोर्ड में बरती कला में रहने वाले मजदूर के बेटे पीयूष कन्नौजिया ने 7वां व साहिल खान ने 9वां स्थान हासिल किया है। बोर्ड परीक्षा में टॉप-टेन की सूची में नाम शामिल होने से उनमें हर्ष का माहौल है। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। पीयूष आगे चलकर कलेक्टर बनना चाहते हैं तो वहीं साहिल को वकालत करनी है। पीयूष के पिता जितेंद्र कन्नौजिया मजदूरी का काम करते हैं और जंगलों की पहरेदारी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते है जबकि उनकी ▶▶ शेष पेज 3 पर







## ऑटो चलाते हैं पिता, तमाम बाधाओं के बीच ख्वाहिश इंजीनियर बनने की





**बिलासपुर।** शहर से 9 किलोमीटर दूर शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सकरी की छात्रा प्रिया साहू ने 10वीं बोर्ड में 9वां स्थान हासिल किया है। 600 अंकों की परीक्षा में 584 अंक अर्थात 97.33% प्रिया ने हासिल किए। लेकिन उनके लिए यहां तक पहुंचने की राह आसान नहीं रही। उनके पिता इतवारी साहू ऑटो चालक हैं। उच्चवर्गीय परिवार की तरह सारी सुविधाएं नहीं ▶▶ शेष पेज 3 पर

- दसवीं की मेरिट लिस्ट में 59 तथा बारहवीं की मेरिट लिस्ट में 20 विद्यार्थी
- प्रावीण्य सूची में स्वामी आत्मानंद विद्यालय के छात्रों का दबदबा, 28 छात्र यहीं से
- दसवीं में जशपुर की सिमरन शब्बा को 99.50% अंक
- बारहवीं में महासमुंद की महक अग्रवाल 97.40% के साथ प्रथम स्थान पर
- बीते वर्ष दसवीं में 75.05% छात्र रहे थे सफल, बारहवीं में 79.96% हुए थे उत्तीर्ण

# शाबाश शब्बा... महक उठी बेटियां

## दसवीं में 75.61 फीसदी तथा बारहवीं में 80.74 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण, दोनों ही कक्षाओं में टूटा रिकॉर्ड

*माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा गुरुवार को दसवीं और बारहवीं दोनों ही कक्षाओं के परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी गई है। इस बार दसवीं कक्षा की परीक्षा में 75.61% छात्र उत्तीर्ण रहे हैं तथा बारहवीं में 80.74% छात्रों ने सफलता हासिल की है। दसवीं कक्षा में जशपुर की सिमरन शब्बा 99.50% अंक के साथ प्रथम स्थान पर रही हैं। बारहवीं कक्षा में महासमुंद की महक अग्रवाल 97.40% के साथ प्रदेश में पहला स्थान बनाने में कामयाब रही हैं। प्रावीण्य सूची से लेकर दोनों कक्षाओं के नतीजों में भी लड़कियां ही आगे रही हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कोरोना काल में घर बैठे हुई परीक्षाओं के परिणामों को छोड़ दिया जाए तो दोनों ही कक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों का यह उच्चतम प्रतिशत है। बारहवीं में पहली बार उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 80 पार पहुंचा है। परीक्षा परिणामों की घोषणा माशिम अध्यक्ष रेणु पिल्ले ने की। उन्होंने कहा, जिन छात्रों को असफलता हासिल हुई है उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। उन्हें फिर से प्रयास करना चाहिए। सफलता जरूर मिलेगी। आचार संहिता लागू होने के कारण मंत्री इसमें शामिल नहीं हुए। माशिम सचिव पुष्पा साहू, उप सचिव जेके अग्रवाल सहित मंडल के अन्य अधिकारी-कर्मचारी इस दौरान मौजूद रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर से सिर्फ 2 छात्र

दोनों ही कक्षाओं की मेरिट लिस्ट में स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश माध्यम विद्यालय के छात्रों का दबदबा रहा है। दसवीं की मेरिट लिस्ट में स्वामी आत्मानंद विद्यालय के 21 विद्यार्थी हैं, जबकि बारहवीं कक्षा की मेरिट लिस्ट में स्वामी आत्मानंद विद्यालय के 7 छात्र हैं। जबकि सरस्वती शिशु मंदिर के सिर्फ 2 छात्र ही दसवीं की मेरिट लिस्ट में रहे हैं। बारहवीं में इस संस्थान से कोई भी छात्र नहीं है।





परिजनों के साथ महक ने बांटी खुशियां।





परिजनों के साथ शब्बा।

### पूरक श्रेणी में 41244

हाईस्कूल तथा हायरसेकंडरी मिलाकर 41 हजार 244 छात्रों को पूरक श्रेणी में रखा गया है। दसवीं कक्षा में 19 हजार 12 तथा बारहवीं में 22 हजार 232 छात्रों को पूरक की पात्रता मिली है। माशिम अब इन छात्रों के लिए पूरक परीक्षाओं का आयोजन करेगा। परिणाम जारी होने के 15 दिनों के भीतर छात्र पूरक सहित पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है।





### लड़कियां फिर पड़ी भारी

दोनों ही कक्षाओं की प्रावीण्य सूची में लड़कियां एक बार फिर लड़कों पर भारी पड़ी हैं। दसवीं कक्षा की मेरिट लिस्ट में 59 छात्र हैं। इनमें 45 लड़कियां तथा 14 लड़के हैं। बारहवीं कक्षा की मेरिट लिस्ट में 20 छात्र हैं। इनमें 15 लड़कियां तथा मात्र 5 लड़के हैं। कक्षावार पासिंग पर्सेंटेज भी लड़कियों का अधिक है। दसवीं में 79.35 प्रतिशत लड़कियां उत्तीर्ण रही हैं तथा उत्तीर्ण होने वाले लड़कों का प्रतिशत 71.12 प्रतिशत है। इसी तरह से बारहवीं कक्षा में उत्तीर्ण लड़कियों का प्रतिशत 83.72 प्रतिशत तथा लड़कों का प्रतिशत 76.91 प्रतिशत है।

### ऐसे समझें नतीजों का गणित

**कक्षा- दसवीं**

- आवेदन करने वाले छात्र: 3 लाख 45 हजार 686
- परीक्षा में शामिल छात्र: 3 लाख 40 हजार 220
- लड़कियों की संख्या: 1 लाख 85 हजार 421
- लड़कों की संख्या: 1 लाख 54 हजार 799
- उत्तीर्ण छात्रों की संख्या: 2 लाख 57 हजार 72, अर्थात 75.61%
- प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र: 1 लाख 17 हजार 519, अर्थात 34.56%
- द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र: 1 लाख 23 हजार 386, अर्थात 36.29%
- तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र: 16 हजार 165, अर्थात 4.75%
- पास श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र: 02
- पूरक प्राप्त छात्र: 19 हजार 12

**कक्षा- बारहवीं**

- आवेदन करने वाले छात्र: 2 लाख 61 हजार 77
- परीक्षा में शामिल छात्र: 2 लाख 58 हजार 704
- लड़कियों की संख्या: 1 लाख 45 हजार 494
- लड़कों की संख्या: 1 लाख 13 हजार 210
- उत्तीर्ण छात्रों की संख्या: 2 लाख 8 हजार 789, अर्थात 80.74%
- प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र: 88 हजार 101, अर्थात 34.07%
- द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र: 1 लाख 9 हजार 185, अर्थात 42.22%
- तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र: 11 हजार 498, अर्थात 4.45%
- पास श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र: 05
- पूरक प्राप्त छात्र: 22 हजार 232

### प्रावीण्य सूची के होनहार (कक्षा 12वीं के छात्र)

| नाम | अंक | जिला | स्थान |
|---|---|---|---|
| महक अग्रवाल | 97.40 | महासमुंद | प्रथम |
| कोपल अम्बस्त | 97 | बलौदाबाजार | द्वितीय |
| प्रीति | 96.80 | बलौदाबाजार | तृतीय |
| आयुषी गुप्ता | 96.80 | जशपुर | तृतीय |
| समीर कुमार | 96.60 | धमतरी | चतुर्थ |
| हर्षवती साहू | 96 | बालोद | पंचम |
| वेदांतिका शर्मा | 96 | बिलासपुर | पंचम |
| शुभ अग्रवाल | 96 | कोरबा | पंचम |
| डॉली पटेल | 95.80 | बलौदाबाजार | षष्ठम |
| अदिति साहू | 95.80 | बलौदाबाजार | षष्ठम |
| हिमांशी | 95.80 | रायपुर | षष्ठम |
| वेदिका निषाद | 95.60 | कांकेर | सप्तम |
| पीयुष कुमार | 95.60 | बलरामपुर | सप्तम |
| कंकना घरामी | 95.40 | कांकेर | अष्टम |
| यमुना | 95.20 | कबीरधाम | नवम |
| रिफा जावेरी | 95.20 | कबीरधाम | नवम |
| साहिल खान | 95.20 | बलरामपुर | नवम |
| नीरज शर्मा | 95.20 | सूरजपुर | नवम |
| भावना साहू | 95.00 | दुर्ग | दशम |
| निधि गोगाड | 95.00 | कांकेर | दशम |

### प्रावीण्य सूची के होनहार (कक्षा 10वीं के छात्र)

| नाम | अंक | जिला | स्थान |
|---|---|---|---|
| सिमरन शब्बा | 99.50 | जशपुर | प्रथम |
| होनिशा | 98.83 | गरियाबंद | द्वितीय |
| श्रेयांश कुमार | 98.33 | जशपुर | तृतीय |
| राहुल गंजीर | 98.17 | बालोद | चतुर्थ |
| डॉली साहू | 98.17 | बालोद | चतुर्थ |
| अंशिका सिंह ठाकुर | 98.17 | रायपुर | चतुर्थ |
| अर्पिता कुजुर | 98.17 | जशपुर | चतुर्थ |
| पद्मिनी शांडिल्य | 98 | बालोद | पंचम |
| जिज्ञासा कुमार | 98 | बालोद | पंचम |
| निधि साहू | 98 | बलौदाबाजार | पंचम |

पूरी सूची देखें पेज 2 पर

**12वीं प्रथम स्थान**

### प्रदेश की टॉपर वाणिज्य संकाय से, जाना है बैंकिंग सेक्टर में

**महासमुंद।** 12वीं में पहले पायदान पर रहने वाली महक अग्रवाल ने वाणिज्य संकाय में 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। महक सरायपाली निवासी फर्नीचर व्यवसाई नवीन अग्रवाल की पुत्री हैं तथा माता पूजा अग्रवाल गृहणी हैं। तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी महक ने हरिभूमि से बातचीत के दौरान कहा, प्रदेश में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम आने पर बहुत खुशी हुई है। टॉप-10 में आने का विश्वास था लेकिन, प्रथम आने के साथ ही खुशी दोगुनी हो गई है। परीक्षा से पहले ही तैयारियां पूरी हो चुकी थी। स्कूल में साप्ताहिक और मासिक टेस्ट होते रहते हैं। साथ ही मैं स्वयं भी अपना टेस्ट करती रही हूं। महक बैंकिंग सेक्टर में जाना चाहती हैं। पढ़ाई के लिए परिवारजन और अध्यापकों का मार्गदर्शन मिलता रहा है। महक ने बताया कि बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है, जिससे उन्हें सेलिब्रिटी वाली फीलिंग हो रही है।

**12वीं द्वितीय स्थान**

### कभी नहीं लिया ट्यूशन बनना है आईएएस



**कसडोल।** स्वामी आत्मानंद गुरुघासीदास इंग्लिश मिडियम स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा कोपल अम्बष्ट ने 97% अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त हासिल किया है। कोपल ने बताया, वह स्कूल में जो पढ़ाई होती थी, उसी का अध्ययन घर में भी करती थी। किसी तरह का ट्यूशन नहीं की है। उनके पिता कुणाल अम्बष्ट मार्केटिंग का कार्य करते हैं। वहीं मां पूजा अम्बष्ट आत्मानंद स्कूल में मिडिल स्कूल की टीचर है। वे मूलतः अंबिकापुर के रहने वाले हैं। कोपल यूपीएससी कर आईएएस अफसर बनना चाहती है।

**10वीं प्रथम स्थान**

### सिमरन ने रोजाना 7 घंटे की पढ़ाई और दसवीं में लहराया परचम

**जशपुरनगर।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जशपुर में 10 कक्षा की छात्रा सिमरन सबा ने 99.5 प्रतिशत लाकर राज्य में टॉप किया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी नतीजे में टॉपर सिमरन सबा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता, माता के साथ साथ शिक्षकों को दिया है। सिमरन सबा ने बताया कि रोजाना नियमित पढ़ाई और कड़ी मेहनत से वह यह मुकाम हासिल किया है। पिता टेलर और माता गृहणी है। परिवारजनों सहित शिक्षकों के मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल हुआ है। सिमरन ने बताया की वह रोजाना लगभग 7 घंटे की नियमित पढ़ाई कर रही थी। इस दौरान शिक्षकों के द्वारा उचित मार्गदर्शन भी दिया जाता रहा है। परिवारजनों ने भी पढ़ाई में पूर्ण सहयोग किया है, साथ ही हमेशा उत्साह बढ़ाते हुए मनोबल बढ़ाया है। उसका सपना था कि वह राज्य स्तर पर टॉप करे। आज वह सपना पूरा हो गया।

**10वीं द्वितीय स्थान**



### अक्षय तृतीया पर गुड्डे-गुड़ियां सजा रही थी किसान की बेटी, तभी आया हरिभूमि का फोन

गरियाबंद जिले के सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल कोपरा में अध्ययनरत 15 वर्षीय होनिशा के पिता नोवेश्वर साहू किसान हैं। दसवीं में 98.83 प्रतिशत हासिल कर प्रदेश में द्वितीय रही। होनिशा ने हरिभूमि को बताया, वह अक्षय तृतीया पर अक्ती बिहाव कार्यक्रम में शामिल थी। जब उन्हें कॉल आया और कहा गया कि आप पूरे छग में दूसरे स्थान पर हो तब उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा था। होनिशा भी पिता के साथ खेती-किसानी में हाथ बटाती है। उनके परिवार में दादा बिसौहा राम साहू दादी बिसाहिन बाई, बड़े पापा, बड़ी मां के अलावा छोटी बहन है।

### आदिवासियों का कल्याण सिर्फ भाजपा सरकार कर सकती है

# साय बोले- ओडिशा के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को ओडिशा के लक्ष्मीपुर में विशाल जनसभा में कहा, ओडिशा के विकास के लिए डबल इंडन की सरकार जरूरी है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवाई वाली सरकार बनाने के साथ विधानसभा के चुनाव में यहां भाजपा की भी सरकार बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा, यह लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का चुनाव है। श्री साय ने कहा, मोदी जी गरीब परिवार से आते हैं, इसलिए गरीबों की पीड़ा उन्हें पता है। मोदी जी 18 घंटे काम करते हैं। गरीबों को गैस सिलेंडर देने, घर बनाने, स्वच्छ पानी, उपचार की सुविधा, खाता खुलवाने से ▶▶ शेष पेज 3 पर

### आज झारखंड में तीन सभाएं कल फिर जाएंगे ओडिशा

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की शुक्रवार को जहां झारखंड में सभाएं होंगी, वहीं एक बार फिर से शनिवार को ओडिशा में सभाएं होंगी। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव को ओडिशा में डटे हुए हैं। वे वहां पर 11 मई तक रहेंगे। साय की प्रदेश में सबसे ज्यादा 66 सभाएं हुई हैं। इसी के साथ इस बीच उनका दूसरे राज्यों में भी जाना हुआ है। वे अब तक दूसरे राज्यों में भी आठ सभाएं ले चुके हैं। अब प्रदेश के चुनाव से फुर्सत पाने के बाद राष्ट्रीय संगठन ने उनको लगातार दूसरे राज्यों में भेजने की रणनीति बनाई है।

## घर के बंद कमरे में मिली पति पत्नी और मासूम की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम कुकरीचोली में उस वक्त हड़कंप मच गया जब यहां एक ही परिवार के तीन लोगों की लाश कमरे में देखी गई। बदहवाश परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मरने वालों में पति पत्नी और उनके दो साल की पुत्री भी शामिल है। कमरे में मिली दो लाशें बिस्तर में थी जबकि पति का शव बिस्तर से नीचे फर्श पर लहूलुहान हालत में बरामद किया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस के आला अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। घटना की तह तक जाने डॉग स्क्वाड और फारेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी मदद ली गई। पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को हत्या और हत्या के बाद आत्महत्या मानकर सभी एंगल से जांच कर रही है।

- गले में फंदे और चोट के मिले निशान, पुलिस जुटी जांच में

### जेल में बंद एएसआई चंद्रभूषण वर्मा के निवास, फार्म हाउस में छापा

# महादेव सट्टे पर ईओडब्लू के ताबड़तोड़ छापे कारोबारी, पुलिस कर्मियों के ठिकानों पर जाच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/ भिलाई

महादेव सट्टा एप को लेकर राज्य की जांच एजेंसी ईओडब्लू ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य के आधा दर्जन जिले रायपुर, दुर्ग, कांकेर, बलौदाबाजार, रायगढ़ में 29 जगहों पर छापे की कार्रवाई की है। जिन लोगों के यहां छापे की कार्रवाई की गई है, उनमें ज्यादातर सराफा तथा हवाला ▶▶ शेष पेज 3 पर

- छापे की जद में ज्यादातर सराफा, हवाला कारोबार से जुड़े कारोबारी शामिल



### इन जगहों पर इतनी कार्रवाई

ईओडब्लू ने जिन जगहों पर छापे की कार्रवाई की है, उनमें सबसे ज्यादा कार्रवाई दुर्ग जिले में की है। ईओडब्लू की टीम ने दुर्ग में 18 तथा रायपुर में सात, इसके अलावा बलौदाबाजार में दो तथा रायगढ़, कांकेर में दो स्थानों पर छापे की कार्रवाई की है।

### ईओडब्लू की दबिश

महादेव सट्टा एप मामले में ईओडब्लू की टीम कांकेर, चारामा में हेड कांस्टेबल विजय पाण्डेय के निवास पर छापे की कार्रवाई करने के लिए पहुंची है। बताया जा रहा है, ईओडब्लू पहली बार विजय पाण्डेय के यहां जांच करने के लिए पहुंची है। इसके साथ ही ईओडब्लू की टीम दुर्ग में सराफा कारोबारी प्रकाश सांखला के सहित दुर्ग, महावीर कालोनी में राजेंद्र जैन के यहां जांच करने पहुंची।

## चिंतन

# शेयर बाजार में लगातार हो रही गिरावट स्थायी नहीं

शेयर बाजार एक ऐसा मंच है जहां वित्तीय समर्थक, दलाल और संगठन सार्वजनिक निगमों के कुछ हिस्सों का व्यापार कर सकते हैं। शेयर बाजार व्यवसायों को पूंजी तक पहुंच प्रदान करता है और निवेशकों को उन व्यवसायों में निवेश करने का मौका देता है और संभवतः उनके पैसे पर संभावित रिटर्न प्राप्त करता है। शेयर बाज़ार वैसे ही अर्थव्यवस्था की सामान्य भलाई का संकेत है, क्योंकि बाज़ार में उतार-चढ़ाव मौद्रिक परिस्थितियों और निवेशक भावनाओं में बदलाव को प्रतिबिंबित कर सकता है, लेकिन बाजार हर छोटी और बड़ी घटना से प्रभावित होना जोखिम भरा भी होता है। विश्व स्तर के ऐसे अनेक कारक हैं जो बाजार को न केवल प्रभावित करते हैं, बल्कि उसकी चाल भी तय करते हैं। भारतीय शेयर बाजार केंद्रीय बजट, कमोडिटी की कीमतों-इनपुट लागत, सोने की कीमतों और बॉन्ड से भी प्रभावित होता है। ऐसा ही आजकल हो रहा है। बृहस्पतिवार को भारतीय शेयर बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली। यह क्रम बीते पांच दिनों से चल रहा है। गुरुवार को सेंसेक्स 850 अंक से ज्यादा टूटकर 72,616 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 280 अंक गिरकर 22,022 पर कारोबार कर रहा था। इस गिरावट की बड़ी वजह विदेशी निवेशकों और अन्य निवेशकों की बड़ी मुनाफावसूली मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि विदेशी निवेशक इस महीने भारी बिकवाली कर रहे हैं। मई 2024 में गुरुवार तक कैश सेगमेंट से एफआईआई 15863 करोड़ रुपये बेच चुके हैं, जबकि फ्यूचर एंड ऑप्शन (एफएंडओ) सेगमेंट में एफआईआई 5,292 करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। इसके अलावा हाल ही में कुछ यूएस फेड अधिकारियों की हॉकिश बातों ने भारतीय शेयरों पर अतिरिक्त दबाव डाला है। इस महीने की शुरुआत में कुछ मुनाफावसूली देखने के बाद इस तरह के बयानों की वजह से अमेरिकी डॉलर में तेजी देखने को मिली है, जिसकी वजह से यूएस ट्रेजरी यील्ड में बढ़ोतरी देखी गई है, जिससे भारतीय शेयर बाजार प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा देश में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। जो लगातार बाजार को प्रभावित कर रहे हैं। इसी वजह से शेयर बाजार में समय से पहले मुनाफावसूली शुरू हो गई है। ये बिकवाली केवल फ्रंटलाइन लार्ज-कैप शेयरों में ही दिखाई दे रही है। बिकवाली का एक बड़ा कारण यह भी है कि वित्त वर्ष 2024 के चौथी तिमाही के नतीजे जिस तरीके के आने चाहिए थे, वो देखने को नहीं मिले हैं। इसका असर भी शेयर बाजार में देखने को मिल रहा है। इसमें किसी को शक नहीं होना चाहिए कि भारत तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन बाजार निवेशकों को उम्मीद थी कि चौथी तिमाही के नतीजे और बेहतर आने चाहिए थे। जो न आ पाने के कारण बाजार पस्त हो रहा है। वैसे भी अब तिमाही नतीजों का मौसम खत्म होने वाला है। उससे पहले निवेशकों की ओर मुनाफा वसूली की जा रही है। जिससे बाजार गिर रहा है, लेकिन यह तय है कि ये गिरावट स्थायी नहीं है। स्थायी होने का कोई कारण भी नहीं है। उम्मीद की जानी चाहिए कि बाजार फिर तेजी की ओर लौटेगा।

# राष्ट्र प्रथम हो मतदान का आधार



आम चुनाव
अखिलेश आर्येंदु

आज का भारतीय समाज अर्थ केंद्रित है। गुण, ज्ञान, अनुभव और प्रतिभा का मूल्यांकन अच्छी नौकरी पाने या व्यापार में खूब मुनाफा कमाने तक ही सीमित हो गया है। न तो नौकरी राष्ट्र को योगदान करने की मंशा से करने की भावना है लोगों में और न तो व्यापार ही। यही वजह है आम चुनाव में विपक्ष द्वारा बार-बार सब को नौकरी देने जैसे असंभव माने जाने वाले कार्य को हवा दी जा रही है। रेवड़ियों को बांटने और किसानों की कर्ज माफी का जो वादा चुनाव में किए जा रहे हैं वे सत्ता हथियाने के हथियार ही नज़र आ रहे हैं। ऐसे में संकीर्ण दायरों से बाहर आना ही होगा। उम्मीद की जानी चाहिए राजनीतिक दल राष्ट्र प्रथम की भावना से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी।

चुनावी मौसम में वेद शास्त्रों व आचार्य चाणक्य के राष्ट्रपरक नीति वचन का याद आना लाजिमी है, जिसमें कहा गया है कि जनता ऐसे दूरदर्शी, त्यागी, नीतिवान व चरित्रवान व्यक्ति का चुनाव करे जिसमें दुनिया में सम्मान दिलाने की क्षमता हो। यह उपदेश तब और महत्वपूर्ण हो जाता है जब देश की नई सरकार चुनने का अवसर हो। एक नागरिक का कर्तव्य अपने देश के प्रति कैसा होना चाहिए पर चाणक्य का कहना है, कर्तव्य को विवेक से करना नीतिवान मनुष्य का प्रथम कर्तव्य है। चाणक्य इसी संदर्भ में कहते हैं-भली प्रकार सोच-विचार कर या अवसर को पहचानने के बाद ही कोई निर्णय लेना चाहिए। पांच साल के बाद जनता को यह अवसर मिलता है कि वह निवर्तमान सरकार के कार्यों, नीतियों और निर्णयों का बेहतर मूल्यांकन कर नई सरकार के लिए बगैर किसी लालच के खूब सोच-समझ कर अपना मत दे। तमाम तरह के सर्वे यह समझाने की कोशिश करते रहे हैं कि आम चुनाव में भी क्षेत्रीय मुद्दे और जात-पात की मानसिकता हावी है। ऐसे वक्त में जब दुनिया के तमाम देशों में चुनाव देश की गम्भीर समस्याओं और विकास के मुद्दे पर लड़े व जीते जाते हैं, ऐसे में भारत के इस आम चुनाव में वे मुद्दे ज्यादा हावी हैं जो राष्ट्र निर्माण की अपेक्षा व्यक्तिगत स्वार्थ साधने वाले अधिक लगते हैं। व्यक्तिगत हित साधन के मुद्दे राष्ट्र की सुरक्षा और विकास के लिए मददगार नहीं हैं। शायद हम भारतवासी बार-बार भूल करते रहे हैं कि केंद्र या राज्यों में कैसी भी सरकार हो, शासन उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप होना ही चाहिए। इस भूल ने भारत को विकास की दौड़ में दुनिया के तमाम देशों से बहुत पीछे कर दिया। हम मतदाता अपने नागरिक कर्तव्यों को बेहतर सोच व परिणाम के साथ निभाने में हमेशा पीछे रहते हैं।

ताजा सर्वेक्षण इस बात की तसदीक करते हैं कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा की अपेक्षा महंगाई और बेरोजगारी को अधिक तरजीह दी जा रही है यानी आतंक, धारा 370, समान नागरिक संहिता (कानून), विदेशी घुसपैठ जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा और अस्मिता के मुद्दे ज्यादातर लोगों के लिए कोई खास अहमियत नहीं रखते। बेहतर शासन की कवायदों की जगह आरक्षण और संविधान बचाने का सब्जबाग लोगों को शायद ज्यादा भा रहा है। यदि ऐसा है तो यह भारत जैसे देश के लिए चिंता की बात ही मानी जाएगी, क्योंकि न तो निवर्तमान सरकार आरक्षण खत्म करने जा रही है और न संविधान ही बदला जाएगा। इसका एनडीए के घोषणा पत्र में प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। राजनीति के जानकारों की माने तो यह भी हो सकता है कि, लोग केंद्र और राज्य सरकार को चुनते हुए कुछ उनके निहित स्वार्थ उन्हें राष्ट्रीय मुद्दों से दूर रखने का कार्य कर रहे हों। यह भारत जैसे बहुसंस्कृतियों और मजहब वाले देश के लिए शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता। दरअसल, राष्ट्रवादी भावना का उद्रेक भारत में खास अवसरों पर ही देखा जाता है। आजादी के बाद पिछले 76 वर्षों में राष्ट्र प्रथम का कर्तव्यबोध का संचार सतत राष्ट्र जागरण के तौर पर हुआ ही नहीं। जैसे दुनिया के तमाम देशों में हुआ। यही वजह है हर बार आम चुनाव में यह देखा गया है कि चुनाव जीतने के लिए वे मुद्दे जो



व्यक्ति केंद्रित, तुष्टिकरण या सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के मद्देनजर कर्जमाफी, आरक्षण बचाओ, संविधान बचाओ या गरीबी हटाओ जैसे मुद्दे उछाले जाते रहे।

व्यक्ति, परिवार और जाति-मजहब केंद्रित दलों की स्वार्थवादी सोच ने भारत की साख, शक्ति और अस्मिता के सवालों को कभी तवज्जो दी ही नहीं। इसका परिणाम यह हुआ कि व्यक्तिगत हित साधन और महज आत्म-केंद्रित स्वार्थों की ही पूर्ति होती रही। राष्ट्र प्रथम के बारे में सोचा ही नहीं गया। इससे आंचलिक क्षत्रपों के पारिवारिक व सामाजिक हित साधन होते रहे, लेकिन राष्ट्र व सर्वहित हमेशा पीछे छूटता रहा। यदि आजादी के 76 साल बाद भी बेरोजगारी, महंगाई ही लोगों के लिए सबसे बड़ी देश की समस्याएं हैं तो यह उसी व्यक्तिवाद और तुष्टिकरण का परिणाम है जिससे देश में तमाम तरह की समस्याएं पैदा होती रही हैं। इस चुनाव में देश संबंधी संकल्पनाओं और सर्वजन हिताय व सर्व जन सुखाय को राष्ट्र निर्माण के आधार के रूप में कुछ दलों के घोषणा पत्रों में चर्चा तो की गई है, लेकिन यह चुनाव में प्रमुख मुद्दे के रूप में चर्चित नहीं हुआ है। हैरान करने वाली बात है कि तमाम गुलामी के प्रतीकों और संस्थाओं के विरुद्ध राष्ट्रहित में कोई बुलंद आवाज सुनाई नहीं दे रही है। उसकी जगह एक दूसरे पर कीचड़ उछाल प्रतियोगिता देखने को जरूर मिल रही है। इससे किसका हित साधन होगा, कहने की जरूरत नही है। नई पीढ़ी जो 21वीं सदी के शुरुआत में पैदा हुई वह जवान हो चुकी है। उसके सामने राष्ट्र निर्माण और सर्व समाजहित की बात सोचने वाले बेदाग चरित्र नायकों का अभाव दिख रहा है। यदि भ्रष्टाचार शिष्टाचार कहा जाने लगा है और जनता इसके खिलाफ उठ खड़ी नहीं हो रही है तो यह भारतीय समाज व देश के लिए चिंता की बात ही कही जाएगी। व्यक्ति व समाज निर्माण में रोड़ा समझे जाने वाले नकारात्मक शब्दों और लोगों को यदि महिमामंडित करने की होड़ लगी हो तो, भला राष्ट्र निर्माण के पवित्र कार्य के लिए माहौल कैसे बनाया जा सकता है? मूल्याधारित राजनीति अब बीते जमाने की बात हो चुकी है, इसलिए राजनीतिक दलों से मूल्याधारित राजनीति और बेदाग छवि वाले नेताओं के नेतृत्व की आशा भी नहीं की जा सकती है। दूसरी तरफ मीडिया के अर्थ केंद्रित होने से मौजूदा राजनीति का निष्पक्ष मूल्यांकन नहीं हो पा रहा है। दाग को बार-बार दिखाने से आंखें दाग देखने की अभ्यस्त हो जाती हैं। यही वजह है कि दागदार नेताओं की बहुत बड़ी तादाद आज भारतीय राजनीति का हिस्सा बन चुकी है और उनके खिलाफ कोई आक्रोश कहीं भी दिखाई नहीं दे रहा है। हैरान करने वाली बात यह है कि दागियों के प्रति जनता में कोई आक्रोश नहीं उभरता।

आज का भारतीय समाज अर्थ केंद्रित है। गुण, ज्ञान, अनुभव और प्रतिभा का मूल्यांकन अच्छी नौकरी पाने या व्यापार में खूब मुनाफा कमाने तक ही सीमित हो गया है। न तो नौकरी राष्ट्र को योगदान करने की मंशा से करने की भावना है लोगों में और न तो व्यापार ही। यही वजह है आम चुनाव में विपक्ष द्वारा बार-बार सब को नौकरी देने जैसे असंभव माने जाने वाले कार्य को हवा दी जा रही है। रेवड़ियों को बांटने और किसानों की कर्ज माफी का जो वादा चुनाव में किए जा रहे हैं वे सत्ता हथियाने के हथियार ही नज़र आ रहे हैं। यदि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की बात कही जा रही है तो उन सभी मुद्दों, समस्याओं, विसंगतियों और खामियों पर ईमानदारी से गौर करना ही होगा जो भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में रुकावट बने हुए हैं। बढ़ती आबादी, घटते संसाधन और लोगों की अति महत्वाकांक्षा को पूरा करने की चुनौती केंद्र में आने वाली सरकार के सामने होगी ही। ऐसे में संकीर्ण दायरों और सोच से बाहर आना ही होगा। तभी भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में दुनिया को अपनी ताकत का एहसास करा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिए देश के सभी राजनीतिक दल राष्ट्र प्रथम की भावना से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी।

(लेखक चिंतक और समाजकर्मी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



बैजनाथ मंदिर हिमाचल प्रदेश के सबसे लोकप्रिय मंदिरों में से एक है और यहां भगवान शिव को 'उपचार के देवता' के रूप में पूजा जाता है। बैजनाथ या वैद्यनाथ महान भगवान शिव के अवतार हैं, और इस अवतार में, महान भगवान अपने भक्तों को सभी दुखों और पीड़ाओं से मुक्त करते हैं।

## धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन



संकलित
**दर्शन**

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते।हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं।

## क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे?



संकलित
**प्रेरणा**

आठ साल का एक बच्चा एक रुपए का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहाः क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे?दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रुपए का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछाः तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दियाः इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा ? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदारः हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चाः सिर्फ एक रुपए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज़ पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहाः टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं।

## परशुराम जयंती
श्वेता गोयल



# कालांतर तक अमर हैं परशुराम

हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को भगवान परशुराम की जयंती मनाई जाती है, जो इस बार 10 मई को है। भगवान परशुराम का जन्म त्रेता युग में भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में भार्गव वंश में सप्तऋषि में से एक ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के यहां हुआ था। मान्यता है कि परशुराम के जन्म के पूर्व रेणुका तीर्थ पर जमदग्नि और रेणुका ने भगवान शिव की कठोर तपस्या की थी, जिससे प्रसन्न होकर शिव ने उन्हें वरदान दिया था कि स्वयं भगवान विष्णु रेणुका के गर्भ से जमदग्नि के पांचवें पुत्र के रूप में पृथ्वी पर अवतार लेंगे। भगवान परशुराम को भगवान शिव और विष्णु का संयुक्त अवतार माना जाता है और मान्यता है कि उन्होंने भगवान विष्णु से पालनहार के गुण और दुष्टों का संहार करने के लिए भगवान शिव से युद्ध कला में निपुणता हासिल की। बगैर किसी अस्त्र के ही उन्होंने बहुत सारे असुरों का नाश किया। भगवान परशुराम का उल्लेख रामायण, महाभारत, भागवत पुराण, कल्कि पुराण इत्यादि अनेक ग्रंथों में है। अपने पिता की हत्या के प्रतिशोध में उन्होंने 21 बार पृथ्वी से क्षत्रियों का विनाश किया। उनकी दानशीलता ऐसी थी कि एक बार उन्होंने समस्त पृथ्वी ही ऋषि कश्यप को दान कर दी थी। उनके शिष्य बनने का लाभ दानवीर कर्ण ही ले पाए थे, जिसे उन्होंने ब्रह्मास्त्र की दीक्षा दी थी। धर्मग्रंथों के अनुसार पृथ्वी पर रहने वालों में परशुराम और रावण के पुत्र इंद्रजीत को ही सबसे खतरनाक, अद्वितीय और शक्तिशाली अस्त्र, ब्रह्मांड अस्त्र, वैष्णव अस्त्र तथा पशुपत अस्त्र प्राप्त थे। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं और परशुराम भी विष्णु के अवतार हैं, इसीलिए परशुराम को भगवान विष्णु और भगवान राम दोनों के समान शक्तिशाली माना गया है। भगवान परशुराम क्रोध के पर्याय रहे हैं, इसलिए उन्हें भगवान विष्णु का आवेशावतार भी कहा जाता है। माता-पिता के प्रति परशुराम का समर्पण ऐसा था कि वे उनकी आज्ञा का पालन करने के लिए कुछ भी कर सकते थे। एक बार उनकी माता रेणुका पानी भरने नदी किनारे गई, लेकिन कुछ देवताओं के आने के कारण उन्हें आश्रम लौटने में विलंब हो गया। ऋषि जमदग्नि ने अपनी शक्ति से इसका कारण जान लिया और रेणुका के आने पर अत्यधिक क्रोधावस्था में अपने पांचों पुत्रों को बुलाकर उन्हें अपनी माता का वध करने की आज्ञा दी। परशुराम को छोड़कर चारों भाईयों ने माता के प्रति प्रेमभाव व्यक्त करते हुए पितृ आज्ञा मानने से इन्कार कर दिया। क्रोधित जमदग्नि ने चारों को पत्थर बनने का श्राप दे दिया। परशुराम ने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए उनके चरणों में सिर झुकाकर अपने अस्त्र फरसे से तुरंत माता रेणुका का वध कर दिया। इस पर जमदग्नि उनसे खुश हुए और मनचाहा वरदान मांगने को कहा। परशुराम ने माता रेणुका सहित चारों भाईयों को पुनः जीवित करने का वरदान मांगा और जमदग्नि ने सभी को नवजीवन प्रदान किया। अरुणाचल प्रदेश के लोहित जिले में स्थापित परशुराम कुंड के संबंध में मान्यता है कि परशुराम ने अपनी माता का वध करने के बाद इस कुंड में स्नान कर अपने पाप का प्रायश्चित किया था। हिंदू पुराणों के अनुसार परशुराम को कलियुग में ऋषि के रूप में पूजा जाता है और उन्हें आंठवें मानवतारा के रूप में सप्तऋषि के रूप में गिना जाता है। उनकी गिनती महर्षि वेदव्यास, अश्वत्थामा, बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, मार्कन्डेय सहित उन आठ अमर किरदारों में होती है, जिन्हें कालांतर तक अमर माना जाता है।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अक्षय तृतीया

कराड में गुरुवार को अक्षय तृतीया उत्सव की पूर्व संध्या पर महिलाओं ने बाइक रैली निकाली।



## आज की पाती

### रेडक्रास का सर्वकालिक महत्त्व

दुनिया में मानवता सबसे बड़ा धर्म है। मानवता को दर्शाते दुनिया में बहुत से दिवस मनाए जाते हैं। इन्हीं में से एक है विश्व रेडक्रॉस दिवस। यह हर वर्ष 8 मई को मनाया जाता है। इस बार इस दिवस का थीम है 'मैं खुशी के साथ देता हूं और जो खुशी मैं देता हूं वह एक इनाम है'। इस थीम से ही साबित हो रहा है कि यह संस्था निस्वार्थ भाव से काम कर रही है, दूसरों की मदद करके जो खुशी हासिल होती है, वो ही सच्चा इनाम होता है।इतिहासकार बताते हैं कि इस दिवस के मनाने का मुख्य कारण हेनरी ड्यूनेंट के जन्मदिन पर उनको याद करना है। वर्ष 1859 में सोल्फेरिनो युद्ध में हजारों सैनिकों की मृत्यु हो गई थी और हजारों घायल भी हुए थे। इन घायल सैनिकों की हालत देखकर हेनरी ड्यूनेंट का हृदय विचलित हुआ तो उन्होंने इन सैनिकों की मदद की थी। *-रवि प्रकाश शर्मा, महासमुंद*

## ट्रेंड

### जलवायु संबंधी खतरे देखे



डब्लूएमओ रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में लैटिन अमेरिका और कैरेबियन में रिकॉर्ड जलवायु संबंधी खतरे देखे गए। खतरनाक मौसम और जलवायु से सुरक्षा प्रदान करने के लिए क्लाइमेट एक्शन की तत्काल आवश्यकता और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के महत्व पर एक और रिपोर्ट।
**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### आध्यात्मिक रहें



आध्यात्मिक विद्या सब प्रकार की विद्याओं में श्रेष्ठ है। आध्यात्मिक बल विषम परिस्थितियों में सहायक है। अध्यात्म हमारे स्वभाव की यात्रा है, जिसका फलादेश है-अज्ञान जनित विकारों से मुक्ति। अतः जीवन की दिव्यता के उदय हेतु आध्यात्मिक रहें।
**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### नफरत नहीं, नौकरी चुनो



देश के युवाओं! 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और हमारी गारंटी है कि 15 अगस्त तक हम 30 लाख रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती का काम शुरू कर देंगे। मोदी के झूठे प्रचार से भटकना मत, अपने मुद्दों पर डटे रहना। इंडिया की सुनो, नफरत नहीं, नौकरी चुनो।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### बीजेपी आरक्षण खत्म करेगी



बीजेपी का नेता आदिवासी युवक के सिर पेशाब करता है। गुजरात में गेंद छूने पर दलित बच्चे का अंगूठा काट लिया गया। बीजेपी दलितों पिछड़ों आदिवासियों से नफ़रत करती है। बीजेपी आरक्षण ख़त्म करेगी।
**-संजय सिंह, आप नेता**

## करंट अफेयर

# भारत की तीस्ता परियोजना में सहयोग की पेशकश



बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद ने बृहस्पतिवार को बताया कि भारत ने बांग्लादेश में सीमा पार तीस्ता नदी पर एक जलाशय के निर्माण के लिए सहयोग देने की पेशकश की है। बांग्लादेश के दौरे पर आए विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने प्रधानमंत्री शेख हसीना और हसन से मुलाकात की, जिसके बाद बांग्लादेशी मंत्री ने यह जानकारी दी। तीस्ता जल का बंटवारा भारत और बांग्लादेश के बीच एक विवादास्पद मुद्दा है और मुख्य रूप से इसी कारण बांग्लादेश ने जलाशय के निर्माण की पहल की और चीन ने इस परियोजना का समर्थन करने की तुरंत इच्छा जताई। क्वात्रा बुधवार शाम ढाका पहुंचे। महमूद ने क्वात्रा से मिलने के बाद संवाददाताओं से कहा, 'आप जानते हैं कि हमने तीस्ता से जुड़ी एक बड़ी परियोजना शुरू की है। भारत उसका वित्त-पोषण करना चाहता है। हमने कहा कि परियोजना हमारी जरूरतों के अनुरूप होनी चाहिए, इसे हमारी जरूरतों को पूरा करना होगा।' बहरहाल, मंत्री ने भारत के प्रस्ताव के बारे में विस्तार से नहीं बताया। बांग्लादेश ने कुछ महीने पहले कहा था कि वह भारत से बांग्लादेश में प्रवेश करने वाली तीस्ता पर जलाशय बनाने के चीनी प्रस्ताव से जुड़ी 'भू-राजनीति' पर गौर करेगा।

## ऑफ बीट

# जलवायु परिवर्तन बन रहा अत्यधिक बारिश का कारण



अभूतपूर्व बाढ़ के बारे में मीडिया लेखों में, आप अक्सर यह कथन सुनेंगे कि प्रत्येक 1° सेल्सियस वार्मिंग बढ़ने पर, वातावरण लगभग 7% अधिक नमी धारण कर सकता है। यह आंकड़ा फ्रांसीसी इंजीनियर साडी कार्नोट द्वारा किए गए शोध से आया है और 200 साल पहले इसी साल प्रकाशित हुआ था। अब हम जानते हैं कि कहानी में और भी बहुत कुछ है। हाँ, अधिक गर्म वातावरण में अधिक नमी धारण करने की क्षमता होती है। लेकिन बारिश की बूंदें बनाने के लिए जलवाष्प के संघनन से गर्मी निकलती है। यह, बदले में, गरज के साथ मजबूत संवहन को बढ़ावा दे सकता है, जो बाद में काफी अधिक बारिश कर सकता है। इसका मतलब यह है कि अत्यधिक वर्षा की तीव्रता प्रति डिग्री वार्मिंग से 7% से अधिक बढ़ सकती है। हम जो देख रहे हैं वह यह है कि गरज के साथ बौछारें उस दर से लगभग दोगुनी या तिगुनी हो सकती हैं - वार्मिंग की प्रत्येक डिग्री के लिए लगभग 14-21% अधिक बारिश। तूफान दुनिया भर में अत्यधिक बाढ़ का एक प्रमुख कारण है, जो ब्राजील की विनाशकारी बाढ़ में योगदान देता है, जिसने सैकड़ों शहरों को जलमग्न कर दिया और दुबई के हवाई अड्डे और सड़कों पर पानी भर गया।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर, शुक्रवार 10 मई 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष तृतीय। वर्ष : 22 । अंक: 292 । पृष्ठ : 12+12 = 24 । मूल्य: 5.00** haribhoomi.com



परशुराम जयंती आज

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

अक्षय तृतीया की मंगलकामनाएं



# आक्रामक बल्लेबाज शशांक बोले-आईपीएल एक पड़ाव, मुकाम अभी बाकी

## छत्तीसगढ़ के क्रिकेटर शशांक सिंह से हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का विशेष संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

आईपीएल में पंजाब किंग्स की ओर से छत्तीसगढ़ के रणजी खिलाड़ी शशांक सिंह इस बार एक फिनिशर के रूप में उभरकर सामने आए हैं, जिसकी चर्चा देशभर में है। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने क्रिकेट में नई पहचान दिलाई है। हरिभूमि, आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के साथ विशेष बातचीत में इस आलराउंडर ने अपने केरियर को लेकर खुलकर बात की और क्रिकेट को लेकर अपना संघर्ष साझा किया। पेश हैं उनसे बातचीत के प्रमुख अंश-

- ***क्रिकेट लंबे समय से खेल रहे हैं, लेकिन पिछले एक महीने से आप सुर्खियों में बने हुए हैं इसे लेकर क्या कहते हैं आप?***
- मुझे जो भी मिला है क्रिकेट से मिला है। लंबे समय से क्रिकेट खेलने का ही नतीजा है, जो आज सुर्खियों में हूं। यह सब मेहनत का फल है। मुझे अच्छा लगता है कि छत्तीसगढ़ से आईपीएल खेल रहा हूं।





- ***पिता दबंग पुलिस अफसर हैं, फिर आप पुलिस का आकर्षण को छोड़कर बल्ले के खेल में कहा पड़ गए?***
- पापा जब 1996 में मध्यप्रदेश में एसपी थे, उस दौरान वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में इंडिया को हार मिली थी, तब से पापा का सपना था कि मैं क्रिकेट खेलू। जब मैंने खेलना शुरू किया तब पापा भी मेरे लिए बॉल फेका करते थे। मुंबई जाने के बाद मुझे लगा कि क्रिकेट को प्रोफेशनली लेना चाहिए। मुंबई जाकर पता चला कि मुझे कितनी मेहनत करनी है। मुंबई में मेरा और पापा का सपना पूरा हुआ।
- ***इस बात में कोई सच्चाई है कि पापा ने मुंबई अपना ट्रांसफर इसलिए लिया क्योंकि वे अपने बेटे के कॅरिअर को चमकाने चाहते थे? इसलिए उन्होंने अपने कॅरिअर से कॉम्प्रोमाइज किया***
- यह बिल्कुल सच बात है। जिस समय मैंने ▶▶ शेष पेज 3 पर

## 1026 अंक गिरा सेंसेक्स

# बाजार धड़ाम, निवेशकों के डूबे साढ़े सात लाख करोड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई



मई के महीने में शेयर बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिल चुकी है। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 1062.22 अंक टूटकर बंद हुआ, वहीं दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक निफ्टी निफ्टी 50 भी 345 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ है। गुरुवार की इस गिरावट की वजह से निवेशकों को 7.35 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है।


**72,404.17 पर बंद हुआ सेंसेक्स**

### गिरावट के कारण

- लोकसभा चुनाव
- एफआईआई की बिकवाली
- अमेरिकी डॉलर में उछाल
- अमेरिकी फेड का रुख
- वीआईएक्स इंडेक्स में तेजी

## खबर संक्षेप

### चारधाम यात्रा आज से होगी शुरू



नई दिल्ली। चारधाम यात्रा के शुभारंभ के साथ ही 10 मई से केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुलने वाले हैं। इन पवित्र धामों के कपाट अक्षय तृतीया की शुभ घड़ी में खोले जाएंगे।

### एआई एक्सप्रेस के केबिन क्रू की हड़ताल खत्म

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस में गतिरोध खत्म हो गया है।



एयरलाइन ने 25 केबिन क्रू सदस्यों को भेजे गए टर्मिनेशन लेटर वापस लेने पर सहमति जताई है। वहीं, केबिन क्रू ने भी हड़ताल वापस ले ली है।

## पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट पर बवाल

# घट गए हिंदू, बढ़ गए मुसलमान

*भारत में 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है जबकि मुसलमानों की आबादी में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे पता चलता है कि देश में विविधता को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल माहौल है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के हालिया कार्य दस्तावेज में यह बात कही गई है। इधर, इस रिपोर्ट के बाद सियासी बवाल मच गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी : एक राष्ट्रव्यापी विश्लेषण (1950-2015) शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की आबादी में जैन समुदाय के लोगों की हिस्सेदारी 1950 में 0.45 प्रतिशत थी जो 2015 में घटकर 0.36 प्रतिशत रह गई। ईएसी-पीएम की सदस्य शमिका रवि के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में कहा गया कि 1950 से 2015 के बीच बहुसंख्यक हिंदू आबादी की हिस्सेदारी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है, जो संबंधित अवधि में 84.68 प्रतिशत से घटकर 78.06 प्रतिशत रह गई।

- **भारत में 1950-2015 के बीच की आबादी पर रिपोर्ट**

### इन देशों में बहुसंख्यकों की हिस्सेदारी घटी

रिपोर्ट के अनुसार, गैर-मुस्लिम बहुसंख्यक देशों में म्यांमा, भारत और नेपाल में बहुसंख्यक धार्मिक संप्रदाय की हिस्सेदारी में गिरावट आई है। इसमें रेखांकित किया गया कि वर्ष 1950 दो प्रमुख कारणों से आधारभूत वर्ष के रूप में महत्वपूर्ण है।



### मुस्लिम बाहुल्य देशों में भी बढ़ी आबादी


*रिपोर्ट में कहा गया कि सभी मुस्लिम बहुल देशों में बहुसंख्यक धार्मिक संप्रदाय की आबादी में वृद्धि देखी गई। हालांकि, मालदीव ऐसा मुस्लिम बहुल देश है, जहां बहुसंख्यक समूह (शाफी सुन्नियों) की हिस्सेदारी में 1.47 प्रतिशत की गिरावट आई है। बांग्लादेश में, बहुसंख्यक धार्मिक समूह की हिस्सेदारी में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो भारतीय उपमहाद्वीप में इस तरह की सबसे बड़ी वृद्धि है।*

### गिरिराज बोले-इस्लामिक स्टेट बनाने की साजिश



भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि देश में तुष्टिकरण की राजनीति के तहत पहले लव जिहाद और लैंड जिहाद किया गया। अब वोट जिहाद हो रहा है। गिरिराज सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में भारत को इस्लामिक स्टेट बनाना चाहते हैं।

### प्रियंका-ओवैसी ने कसा तंज





कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा, हमें उन मुद्दों पर बात करनी चाहिए, जो लोगों के जीवन से जुड़े हैं। भाजपा अपने हिसाब से मुद्दे बनाती है। वहीं, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इसे वॉट्सएप यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट करार दिया।

## शिवकाशी में भयानक हादसा

# पटाखा फैक्ट्री में धमाका, पांच महिलाओं समेत नौ की मौत



**विरुधुनगर।** शिवकाशी में गुरुवार को एक पटाखा कारखाने में आग के बाद ब्लास्ट से नौ की मौत हो गई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए जिला अधिकारियों को घायलों को उचित चिकित्सा देखभाल प्रदान करने और लोगों की जान बचाने का निर्देश दिया।

### धमाके में 10 घायलों का रेस्क्यू

*लगातार पटाखे फोड़े जाने वाले माहौल में घायलों को बचाने में दिक्कत आ रही थी। फिलहाल इस भीषण हादसे में शामिल 10 लोगों को बचाया जा चुका है और दमकल विभाग और पुलिस अभी भी बचाव कार्य में जुटी हुई है।*



# कामयाबी ने दिए सपनों को पंख...अब बनना है कलेक्टर, डॉक्टर और इंजीनियर

रायपुर। दसवीं-बारहवीं के टॉप 10 में जगह बनाने वाले होनहारों की कामयाबी ने उनके सपनों को पंख दे दिए हैं। कोई इंजीनियर बनना चाहता है तो किसी का सपना डॉक्टर बनने का है। आईएएस की ख्वाहिंश रखने वाले भी कम नहीं हैं। उनके कड़ी मेहनत, जोश और जज्बे को देखकर कहा जा सकता है कि अपने सपनों को मुकाम तक पहुंचाने उनकी कोशिश जारी रहेगी। इन होनहारों ने बातचीत में हरिभूमि से खुलकर अपनी ख्वाहिंशें रखीं।

## दसवीं के होनहार

| नाम | प्रतिशत | जिला | स्थान |
| --- | --- | --- | --- |
| गामिनी कंवर | 98.00 | कोरबा | पंचम |
| लुकेश्वर राजपूत | 97.83 | बालोद | षष्ठम |
| बबीता साहू | 97.83 | बालोद | षष्ठम |
| वंशिका साहू | 97.83 | राजनांदगांव | षष्ठम |
| जान्हवी पटेल | 97.83 | सक्ती | षष्ठम |
| दिमित्रा सिंह | 97.83 | जशपुर | षष्ठम |
| प्रीति सम्दूर | 97.83 | जशपुर | षष्ठम |
| रसिना चौहान | 97.83 | जशपुर | षष्ठम |
| आयुष सोनकर | 97.67 | धमतरी | सप्तम |
| प्रेरणा साहू | 97.67 | महासमुंद | सप्तम |
| मयंक कोर्राम | 97.67 | कांकेर | सप्तम |
| पायल अधिकारी | 97.67 | कांकेर | सप्तम |
| अंशिका गुप्ता | 97.67 | बलरामपुर | सप्तम |
| उमा बारेथ | 97.67 | जशपुर | सप्तम |
| करीना सिंह | 97.67 | जशपुर | सप्तम |
| तोशन कुमार | 97.50 | बालोद | अष्टम |
| खोमेंद्र कुमार | 97.50 | बालोद | अष्टम |
| दुर्गारानी वर्मा | 97.50 | दुर्ग | अष्टम |
| साक्षी साहू | 97.50 | बिलासपुर | अष्टम |
| योगेश साहू | 97.50 | मुंगेली | अष्टम |
| खुशी टुवानी | 97.33 | बालोद | नवम |
| आर्या कश्यप | 97.33 | दुर्ग | नवम |
| यशवंत कुमार | 97.33 | दुर्ग- | नवम |
| शौर्य शुक्ला | 97.33 | गरियाबंद | नवम |
| रिया साहू | 97.33 | महासमुंद | नवम |
| देनिशा प्रधान | 97.33 | महासमुंद | नवम |
| तनिषा सिंह | 97.33 | रायपुर | नवम |
| प्रिया साहू | 97.33 | बिलासपुर | नवम |
| वर्षा साहू | 97.33 | कांकेर | नवम |
| माला बिस्वास | 97.33 | कांकेर | नवम |
| तान्याश्री मढरिया | 97.33 | कांकेर- | नवम |
| सलोनी सिंह | 97.33 | जशपुर | नवम |
| श्रेजल ध्रुव | 97.33 | बेमेतरा | नवम |
| ऋतिक देवांगन | 97.17 | बालोद | दशम |
| अक्षत सिन्हा | 97.17 | धमतरी | दशम |
| रिया साहू | 97.17 | दुर्ग | दशम |
| तेजस नायक | 97.17 | महासमुंद | दशम |
| बॉबी मिंज | 97.17 | रायपुर | दशम |
| जागृति प्रजापति | 97.17 | जांजगीर- | दशम |
| कृतिका कुमारी | 97.17 | कोरबा | दशम |
| करुणा कैवृत | 97.17 | रायगढ़ | दशम |
| बबीता पटेल | 97.17 | रायगढ़ | दशम |
| राहुल गबेल | 97.17 | सक्ती | दशम |
| मल्लिका मरकाम | 97.17 | कांकेर | दशम |
| मोना यादव | 97.17 | जशपुर | दशम |
| आयुष साहू | 97.17 | जशपुर | दशम |
| शिप्रा तिवारी | 97.17 | मनेंद्रगढ़-चिरमिरी | दशम |
| हेमप्रज्ञा साहू | 97.17 | बालोद | दशम |

## दसवीं में एक अंक से चूका, तभी ठान लिया 12वीं में करना है टॉप

**पसंद है क्रिकेट**

**मगरलोड।** 12वीं बोर्ड में शासकीय उमावि भोथीडीह के छात्र समीर चक्रधारी ने 96.60 प्रतिशत अंक लेकर राज्य में चौथा स्थान प्राप्त किया है। समीर ने बताया, वह शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक और सुबह 4 बजे से 8:30 बजे तक पढ़ाई करता था। गणित विषय लेकर 12वीं करने वाले समीर इंजीनियर बनना चाहते हैं। उसने बताया, पेपर के दौरान सोशल मीडिया, मोबाइल से दूर रहा। उसे क्रिकेट खेलना पसंद है। इस बार मेरिट में आने की पूरी उम्मीद थी। पिता पुनेश्वर ने बताया कि उसका मुख्य व्यवसाय मूर्तिकारी के अलावा किसानी है। समीर दसवीं में एक अंक से टॉपटेन में आने से चूक गया था।



### पिता चलाते हैं बस स्टैंड में फोटोकॉपी दुकान, बनना है प्रोफेसर

बलौदाबाजार। डॉली पटेल ने 12वीं में 95.8 फीसदी अंक लेकर राज्य में छठवां स्थान प्राप्त किया है। एक मध्यम वर्गीय परिवार की छात्रा डॉली के पिता लखन लाल पटेल नया बस स्टैंड परिसर में फोटो कापी दुकान का संचालन करते हैं। माता कुसुम लता पटेल भी उनके काम में हाथ बंटाती है। डाली के 2 छोटे भाई-बहन है। डॉली कहती हैं, वर्षभर सभी विषयों का नियमित एवं गहन अध्ययन किया है। पिता दिनभर व्यस्त होने के बावजूद स्कूल लेने और छोड़ने जाते थे। दसवीं में कुछ अंकों से प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने से चूक जाने के बाद डाली ने तय कर लिया था कि 12वीं में कड़ी मेहनत कर टॉप-10 में जगह बनाएंगी। आगे प्रोफेसर बनने की चाह है।

## पिता कृषि मंडी में कर्मचारी, हौसला बढ़ाते रहा बड़ा भाई



कुरुद। 10वीं बोर्ड में आत्मानंद स्कूल कुरूद से आयुष सोनकर ने 97.67 प्रतिशत संग सातवां स्थान प्राप्त किया है। पिता राजेश सोनकर धमतरी कृषि उपज मंडी में कर्मचारी है। आयुष ने बताया, वह रोजाना चार से पांच घंटे की पढ़ाई करता था। आगे डॉक्टर बनने की चाहत है। परीक्षा के पहले लगभग तीन माह कोचिंग ली। परिवार वालों का बहुत सपोर्ट रहा। मां हमेशा ख्याल रखती थीं। बड़े भाई 12वीं कक्षा में हैं। खुद पढ़ाई करने के साथ उनका भी हौसला बढ़ाते रहा।

## घर में सभी शिक्षक, नियमित अध्ययन धैर्य व सेल्फ स्टडी ने दिलाया मुकाम

**जशपुरनगर।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ने वाले श्रेयांश कुमार यादव ने छत्तीसगढ़ राज्य माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा में 10 वीं बोर्ड में 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। श्रेयांश का कहना है कि कड़ी मेहनत से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। उसने कहा की स्कूल के अलावा



6 से 7 घंटे पढ़ाई करके मैंने ये स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया की स्कूल के शिक्षक, ट्यूशन पढ़ने वाले सर, माता-पिता सभी का सहयोग और मार्गदर्शन से मैंने ये स्थान हासिल किया है। घर में भी पढ़ाई का माहौल है क्योंकि बड़े पापा, मेरे पापा, बुआ सभी शिक्षक है सभी का मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहता है। आगे और ज्यादा मेहनत करना है और प्रशासनिक सेवा में जाने की इच्छा रखता हूं।



### पिता गांव में शिक्षक सिविल सर्विस है लक्ष्य

**बालोद।** स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बालोद की छात्रा डॉली साहू ने 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 98.17 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। डॉली के पिता पुषण साहू व्याख्याता हैं। माता-पिता ने डॉली को प्रोत्साहित किया। डॉली साहू ने बताया कि दिन में तीन से चार घंटे की पढ़ाई करती थी। ग्राम कन्नेवाड़ा में शिक्षक के पद पर पदस्थ पिता पुषण साहू ने बताया कि बेटी जो आगे पढ़ना चाहती है, आगे पढ़ाने के लिए तैयार हूं। डॉली साहू ने बताया, आगे की पढ़ाई वह गणित विषय लेकर करेगी। डॉली साहू ने कहा कि वह सिविल सर्विसेज की तैयारी करेगी। मां बिंदिया साहू गृहणी है। मां ने सिर्फ 12वीं तक पढ़ाई की है, लेकिन बेटी को हमेशा प्रेरित किया।

### पालक शिक्षक, चाहत है प्रोफेसर बनना

**बेमेतरा।** दसवीं की छात्रा श्रेजल ध्रुव ने 9वां स्थान प्राप्त किया है। श्रेजल प्रोफेसर बनने की इच्छा रखती है। माता-पिता भी शिक्षक ही हैं पिता संतोष ध्रुव पूर्व माध्यमिक शाला उमरिया के शिक्षक हैं तथा माता योगेश्वरी ध्रुव ग्राम ओड़िया में हाई स्कूल में कार्यरत हैं। श्रेजल ने बताया, स्कूल की छात्रा पूजा विश्वास ने उसे सूचना दी कि उसका नाम प्रावीण्य सूची में है। ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल की प्राचार्य अलका तिवारी ने कहा उन्हें इस बात की भरोसा अवश्य ही था कि उनकी स्कूल की छात्रा निश्चित रूप से प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाएगी।

## पढ़ाई के लिए यू-ट्यूब का सहारा, सोशल मीडिया से दूरी

**धमतरी।** अक्षत ने मोबाइल का सदुपयोग किया। सोशल मीडिया से दूरी बनाई, लेकिन पढ़ाई के लिए यू-ट्यूब सहित अन्य साइट का उपयोग किया। परीक्षा नजदीक आते ही 5-6 घंटे की पढ़ाई शुरू कर दी। इसका सार्थक परिणाम आया। 97.17 प्रतिशत अंक लेकर वह दसवीं में 10वें स्थान पर है। उनके पिता दिलीप सिन्हा लिमतरा मिडिल स्कूल में गणित शिक्षक है। माता निर्मला सिन्हा रावां स्कूल में पीटीई हैं। माता-पिता दोनों के शिक्षक होने का लाभ अक्षत को मिला। पिता कोर्स का डाउट क्लीयर करते थे, तो वहीं मां रिविजन करवाती थी। अक्षत का लक्ष्य साफ्टवेयर इंजीनियर बनना है। बड़ा भाई विजय सिन्हा रायपुर में बीफार्मा की पढ़ाई कर रहा है।

### दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर हुई घोषणा....



रायपुर। माध्यमिक शिक्षा मंडल के कार्यालय में मंडल अध्यक्ष रेणु पिल्ले ने परीक्षा परिणामों की घोषणा की। आचार संहिता के कारण मंत्री इसमें शामिल नहीं हुए।

### 355 छात्रों के परिणाम रुके

इस बार 355 छात्रों के नतीजे माशिम ने विभिन्न कारणों से रोके हैं। इनमें दसवीं के 226 तथा बारहवीं के 129 छात्र हैं। दसवीं के 15 छात्रों के परिणाम पात्रता के नकल प्रकरण के कारण रोके गए हैं। 205 परीक्षार्थियों के आवेदन पात्रता के अभाव में निरस्त किए गए हैं। 6 छात्रों के परिणाम जांच श्रेणी में रोके गए हैं। इसी तरह से बारहवीं में 31 छात्रों के नतीजे नकल प्रकरण के कारण रूके हैं। 96 परीक्षार्थियों के आवेदन पात्रता के अभाव में निरस्त हुए हैं। 2 परीक्षार्थियों के परिणाम जांच श्रेणी में रोके गए हैं।

### रोजाना 10 घंटे की पढ़ाई, नीट की भी तैयारी

छुरिया। हालेकोसा निवासी वंशिका साहू दसवीं बोर्ड की परीक्षा में छठवें स्थान पर रही। वंशिका ने बताया, वह नियमित रूप से 10 घंटे की पढ़ाई करती थी। उनका लक्ष्य डॉक्टर बनने का है। वह नीट की भी तैयारी कर रही है। जैसी ही उनके टॉप-10 में आने की खबर मिली, पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई।

### पिता सरकारी शिक्षक बनना है डॉक्टर

बिलासपुर। 10वीं में मस्तूरी विकासखंड के ग्राम पंचायत लोहर्सी में शिक्षा संस्कार पब्लिक स्कूल की साक्षी 10वीं कक्षा में 97.50 % के साथ उत्तीर्ण हुई। उसे 600 में से 585 नंबर मिले हैं। पिता सुरेंद्र साहू सरकारी टीचर हैं। मां हरिप्रिया साहू गृहणी हैं। पिता ने बताया कि साक्षी 15 दिन पूर्व ओडिसा स्थित अपने नाना नानी के घर गई हुई हैं। फोन पर उन्होंने घरवालों से बात की। साक्षी रोज 5 से 6 घंटे पढ़ाई करती थीं। आगे डाक्टर बनने का लक्ष्य है।

### रोजाना 6 घंटे पढ़ाई, आईएएस बनना लक्ष्य



शहर के टिकरापारा क्षेत्र में रहनी वाली वेदांतिका शर्मा ने 12 वीं बोर्ड परीक्षा में 500 में 480 नंबर प्राप्त किए और 96 प्रतिशत के साथ प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया। वेदांतिका मध्यवर्गीय परिवार से हैं। उनके पिता रमेश शर्मा वकील हैं। वेदांतिका शर्मा सेंट जोसेफ कांवेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल अध्ययनरत हैं। रोजाना 6 घंटे की पढ़ाई करने वाली वेदांतिका आईएएस बनकर देश सेवा करना चाहती है।

### अर्पिता की ख्वाहिश इंजीनियर बनने की

**जशपुरनगर।** संकल्प शिक्षण संस्था जशपुर की छात्रा अर्पिता शैली कुजुर ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं बोर्ड की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया है। अर्पिता इंजीनियर बन देश की सेवा करना चाहती है। बताना लाजमी है कि संकल्प जिले के प्रतिभावान आदिम जाति जनजाति से आने वाले छात्रों को बेहतर शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षा के लिए प्रशिक्षण देती है। कांसाबेल विकासखंड के घोघरा ग्राम पंचायत में आनेवाले तिलंगा गांव की अर्पिता 9 वीं से ही संकल्प शिक्षण संस्था के माध्यम से स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में पढ़ाई करती आ रही है। अर्पिता ने इस सफलता का श्रेय माता पिता ओर संकल्प के शिक्षकों को दिया है जिनके मार्गदर्शन में उसने यह सफलता पाई है। अर्पिता के पिता समीर कुजुर पेशे से शिक्षक हैं और माता मंजू कुजुर हैं।

## पिता की चौपाटी, संजोया है सीए बनने का सपना



12 वीं में छत्तीसगढ़ में पाया तीसरा स्थान

**जशपुरनगर** । 12 वीं कक्षा में राज्य में तीसरा स्थान लाने वाली आयुषी गुप्ता ने जशपुर जिले का नाम रोशन किया है। आयुषी ने कॉमर्स विषय के साथ 96.80 प्रतिशत लाया है। आयुषी का सपना है कि वह चार्टर्ड अकाउंटेंट बने इसके लिए वह कड़ी मेहनत कर सपना पूरा करने पूरी मेहनत से आगे की पढ़ाई करती रहेगी। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जशपुर में पढ़ने वाली कक्षा 12 वीं की छात्रा आयुषी गुप्ता ने बताया कि रोजाना पूरी ईमानदारी से कड़ी पढ़ाई कर सफलता हासिल किया है। इसमें परिवार वालों के साथ शिक्षकों का योगदान भी अतुलनीय रहा है। घर में पढ़ाई करने के साथ साथ पढ़ाई के लिए उचित माहौल के लिए उन्होंने लाइब्रेरी का सहारा भी लिया, जहां वह एकांत में पढ़ाई की है। स्कूल के शिक्षकों ने भी उन्हें मार्गदर्शन देने के साथ साथ भरपूर सहयोग किया है। वह आगे जाकर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहती है। इसके लिए वह पूरी लगन के साथ आगे बीकॉम की पढ़ाई करेगी। पिता मुकेश गुप्ता का सी मार्ट के बगल में चौपाटी है, जहां परिवारजन दिन-रात मेहनत कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। 12 वीं में राज्य में तीसरा स्थान लाने वाली आयुषी गुप्ता की माता सुषमा गुप्ता ने बताया कि उसकी बेटी ने पूरी मेहनत और लगन से पढ़ाई कर यह स्थान हासिल किया है। बच्ची ने खुद से मेहनत किया है। बिना किसी कोचिंग के अपने बलबूते सफलता की सीधी चढ़कर यह स्थान प्राप्त किया है।

## कांकेर से रिकॉर्ड आठ लड़कियों संग एक लड़का मेरिट लिस्ट में

# कृषि अध्ययन कर फसलों की गुणवत्ता में सुधार जीवन का लक्ष्य

कांकेर। कांकेर के दसवीं व बारहवीं में 8 लड़कियों और एक लड़के ने कमाल दिखाते हुए टॉप टेन की सूची में नाम दर्ज कराकर शहर का नाम रोशन किया है, उसके साथ ही अपने मां व पिता का नाम रोशन किया है। रिजल्ट आने के बाद इन छात्रों के घर अधिकारी ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया और गुलदस्ते देकर शुभकामनाएं दी। इन बच्चों में कोई कलेक्टर, कोई डॉक्टर, कोई इंजीनियर बनना चाहता है। वहीं बारहवीं में टॉप करने वाली दो बेटियों में एक बेटी सीए और एक बेटी कृषि के क्षेत्र में इंजीनियर बनना चाह रही है। इन नौ बच्चों में 8 शासकीय स्कूल से है, वहीं एक प्राइवेट स्कूल से है।



बारहवीं में टॉप टेन में नाम दर्ज कराने वाली कन्कना घरामी का कहना है कि मुझे डॉक्टर बनना है और



अभी नीट की परीक्षा दी है। वहीं वेदिका निषाद के माता और पिता खेती करते है, इसलिए वेदिका पीएटी दे रही है। कृषि के क्षेत्र में जाकर कृषि इंजीनियर बनना चाहती है, जिससे अपने माता व पिता की इस क्षेत्र में मदद कर सके। निधि गोगड़ के पिता व्यवसायी है, इसलिए निधि को सीए बनने की इच्छा है और तैयारी भी शुरू कर दी है। दसवीं में छः बच्चों ने टॉप टेन में नाम दर्ज कराया है, जिसमें केवल एक लड़का मयंक है। पिता व माता शिक्षक है और अब नीट क्वालीफाई कर डॉक्टर बनना है। इसके अलावा अन्य टॉपर 5 लड़कियों में पायल और वर्षा डॉक्टर बनना चाहती हैं। तान्या और माला इंजीनियर बनना चाहती हैं। मल्लिका मरकाम कलेक्टर बनना चाहती हैं।



# दिव्यांग समाजसेवी रजन्ना, चिरंजीवी समेत कई हस्तियों को राष्ट्रपति ने दिए पद्म पुरस्कार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को पद्म पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने कुल 132 लोगों का सम्मान किया। इसमें दिव्यांग समाजसेवी डॉ. केएस रजन्ना भी शामिल थे। जब वह अपना पुरस्कार लेने के लिए चलकर आए तो सभी उन्हें देखते रह गए। पोलियो के कारण महज 11 महीने की उम्र में डॉ. रजन्ना को अपने हाथ और पैर धोने गंवाने पड़े थे। उन्हें घुटनो के बल चलना सीखा और उनके हाथ कुहनी के आगे पोलियोग्रस्त हैं। आपको बता दें, जनवरी में ही इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाले सभी नागरिकों के





नाम की घोषणा कर दी गई थी। सम्मान पाने वालों में गुजरे जमाने की अभिनेत्री वैजयंतीमाला बाली, तेलुगु स्टार कोनिडेला चिरंजीवी, सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला न्यायाधीश दिवंगत एम फातिमा बीवी और "बॉम्बे समाचार" के मालिक होर्मुसजी एन कामा, स्क्वैश स्टार जोशना चिनप्पा भी शामिल रहे।

# संदेशखाली केसः पीड़िता ने शाहजहां शेख के खिलाफ शिकायत वापस ली

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

■ वीडियो में दावा; तृणमूल ने भाजपा पर लगाया आरोप

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के कथित उत्पीड़न का मामला चर्चा में है। भाजपा एक तरफ सच को दबाने के आरोप लगा रही है को दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने विपक्षी पार्टी भाजपा पर झूठ फैलाने के आरोप लगाए हैं। तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में चनाल आयोग से शिकायत की है। वरिष्ठ तृणमूल नेता और राज्य सरकार में मंत्री शशि पंजा ने कहा कि मनगढ़ंत डराने-धमकाने के इस घृणित कृत्य को बख्शा नहीं जाएगा। इसी बीच मीडिया रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि पीड़िताओं में एक ने शाहजहां शेख के खिलाफ दर्ज शिकायत वापस ले ली है। तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को कथित वीडियो का जिक्र कर कहा, भाजपा के एक स्थानीय नेता ने कई महिलाओं से कोरे कागजों पर हस्ताक्षर कराए।

## चुनाव प्रचार का अधिकार संवैधानिक अधिकार नहीं

# ईडी ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत का किया विरोध



**नई दिल्ली।** आबकारी नीति घोटाला मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट का शुक्रवार को फैसला आने से पहले ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। इस हलफनामे में कहा है कि चुनाव प्रचार के लिए केजरीवाल को जमानत नहीं दी जा सकती है। चुनाव प्रचार का अधिकार ना तो संवैधानिक अधिकार है और ना ही कानूनी अधिकार। सुप्रीम कोर्ट में ईडी की ओर से दाखिल नए हलफनामा में केजरीवाल की अंतरिम जमानत की मांग वाली अर्जी का विरोध किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की थी कि आम चुनाव के मद्देनजर वह केजरीवाल की अंतरिम जमानत अर्जी पर विचार करेंगे। इसके बाद अंतरिम जमानत पर सुनवाई हुई थी। पिछले सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा था कि वह शुक्रवार को फैसला देंगे।


## छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

**सूचना**

**क्रमांक 7170/ दो -14-1/2023 बिलासपुर, दिनांक 03/ 05/2024**

Adv. No. 06/2023 (DEO)

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के पद हेतु दिनांक 28/04/2024 को आयोजित प्रथम चरण की लिखित परीक्षा में विज्ञापन की शर्तों के अनुसार योग्य पाये गये कुल 389 अभ्यर्थियों की सूची छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गयी है।

अतः दिनांक 17/05/2024 को द्वितीय चरण की कौशल परीक्षा आयोजित की जायेगी। उक्त कौशल परीक्षा के लिये आहुत किये गये अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र शीघ्र ही छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा ।

विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट https://highcourt.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

**(बलराम प्रसाद वर्मा)**
**रजिस्ट्रार जनरल**

G-242500048/2



## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कं. लिमि
## (छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी)

**बिजली बंद की सूचना**

(संचा. / संधा.) संभाग छ.स्टे. पॉ. डिस्ट्री.कं. लिमि. कसडोल के सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि कसडोल (शहर एवं ग्रामीण) वितरण केन्द्र में प्री मानसून मेंटेनेन्स कार्य हेतु निम्नाकित दिनांक को प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक नीचे दर्शाये क्षेत्रानुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद है।

| क्र. | दिनांक | उपकेन्द्र का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र के समस्त उपभोक्ता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13.05.2024 | कसडोल | कसडोल-2 | गुरु घासीदास चौक से गुलाब विहार, दर्रा, चॉटीपाली, चकरबॉय एवं पुराना खर्वे तक |
| 2 | 14.05.2024 | कसडोल | पिसीद | कोट, छाँछी, छरछेद कोट, पिसीद |
| 3 | 15.05.2024 | कसडोल | कसडोल-3 | रींग रोड, हड़हापारा, जी. ए.डी. कालोनी, बलार रोड, ब्राह्मण पारा महामाया पारा एवं रामसागर पारा |
| 4 | 16.05.2024 | कसडोल | चिचपोल | गोरधा, मोहतरा, रानी मोहतरा, चरौदा, चिचपोल, सोनाईडीह |
| 5 | 17.05.2024 | कसडोल | 33 के.वी. ठाकुरदिया एवं अर्जुनी फीडर | 33/11 के.वी. उपकेन्द्र ठाकुरदिया एव अर्जुनी से निकलने वाले सभी फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 6 | 18.05.2024 | कसडोल | कसडोल-1 | गुरू घासीदास चौक से युको बैंक, सिरपुर रोड, सरगबुंदिया पारा जे. पी. ब्रिक्स, पारस नगर से 1 एवं 2 |
| 7 | 20.05.2024 | कसडोल | बिलारी | बिलारी, कुर्राहा, बैगनडबरी, हटौद खरहा, बम्हनी, असनींद, बहेराभाठा, पोड़ी, पचपेड़ी, देवतरई, संडी, सारसडोल, बलारनवागांव, दादर, सलिहाभाटा, चिखली, बासीनपाली, कौहाकुड़ा, जोगीडीपा, कंजिया, बिटकुली, मिरगिदा, पठियापाली, कोठारी, नवागाँव, तालदादर, चन्हाट |
| 8 | 21.05.2024 | ठाकुरदिया | बोरसी | परसदा, नंदनीया, बोरसी, नारायणपुर, नावापारा, मालीडीह,बकला, कटवाझर, ढाहाखार, खुड़मुड़ी, बगार, टेमरी, भरका, कोड़ादामा, धौराभाठा, कोसमसरा, सेमरिया |
| 9 | 22.05.2024 | ठाकुरदिया | पुटपुरा | ठाकुरदिया, पुटपुरा, पैरागुड़ा, सुकदा, भरोड़ा, घिरघोल, दौनाझर, अल्दा, भोथाही, सैहाभाठा, सुरबॉय |
| 10 | 23.05.2024 | अर्जुनी | अर्जुनी (ब) | अर्जुनी, मुढ़ीपार, रींवासरा, पिपरछेड़ी |
| 11 | 24.05.2024 | अर्जुनी | खैरा (ब) | खैरा, बल्दाकछार, औराई, बरबसपुर |
| 12 | 25.05.2024 | कसडोल (सेल) | 33 के.वी. कसडोल फीडर | कसडोल ठाकुरदिया एवं अर्जुनी उपकेन्द्र के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम एव एच.टी. कनेक्शन आशु मिनरल्स कोट |

**आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभव है।**

1. **"स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा का संरक्षण करें।"**

आर. के. साहू 91543882
कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे. पॉ. डिस्ट्री.कं.लिमि. कसडोल


## जैकेट के शेष

### पीयूष के पिता ....

माता पुष्पा कन्नौजिया गांव की मितानिन है। शासकीय उमावि बरतिकला के छात्र पीयूष ने बताया, प्रतिदिन नियमित रूप से 5 से 6 घंटे की पढ़ाई कर रहे थे। आगे चलकर कलेक्टर बनना चाहते हैं। इसी तरह वाड्रफनगर के परसडीहा सेमर पारा निवासी साहिल खान ने 12वीं की परीक्षा में 95.20 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में 9वां स्थान हासिल किया है। साहिल के पिता इमामुद्दीन खलीफा मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

### ऑटो चलाते हैं ....

मिल सकीं, लेकिन इसके बाद भी पढ़ाई को लेकर जुनून कभी कम नहीं हुआ। प्रिया ने बताया, वह प्रतिदिन 4-6 घंटे पढ़ती थी। मां ने उन्हें हमेशा पढ़ने-लिखने के लिए उत्साहित किया है। आगे इंजीनियर बनने की ख्वाहिश है।

### साय बोले- ओडिशा ....

लेकर स्वच्छता शौचालय बनवाने का काम मोदी जी की सोच से संभव हुआ है। जम्मू एवं कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त करने के साथ देश को आतंकवाद से मुक्ति दिलाने का काम पिछले दस साल में हुआ है।

### महादेव सट्टे पर ....

से जुड़े कारोबारी शामिल हैं। इसी के साथ ही जेल में बंद निलंबित एएसआई चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, सुमित दम्मानी को जांच एजेंसी ने पूछताछ करने रिमांड पर लिया था, जिनकी रिमांड अवधि समाप्त होने पर उन्हें पुनः कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों को पुनः न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है। सट्टा एप से जुड़े एक अन्य आरोपी अमित अग्रवाल को कोर्ट ने 14 मई तक ईओडब्लू की रिमांड पर सौंपने का आदेश दिया है। छापे की कार्रवाई के लिए आधा दर्जन से ज्यादा टीमें गठित की गई हैं, जिनमें डीएसपी रैंक के अफसर शामिल हैं।

**प्रोटक्शन मनी लेने वाले पुलिसकर्मी के यहां छापा** : महादेव सट्टा एप सुचारू रूप से संचालित करने जेल में बंद निलंबित एएसआई चंद्रभूषण वर्मा पर सट्टा संचालकों से प्रोटक्शन मनी लेने के आरोप हैं। चंद्रभूषण के माध्यम से राजनेताओं तथा पुलिस अफसरों के बीच प्रोटक्शन मनी की राशि वितरण करने के भी आरोप हैं। जांच एजेंसी चंद्रभूषण के संतोषी नगर स्थित निवास तथा सेजबहार स्थित सृष्टि वाटिका में छापे की कार्रवाई करने पहुंची। इसके साथ ही चंद्रभूषण के भाई के बलौदाबाजार, सुहेला स्थित निवास पर छापे की कार्रवाई की।

## पेज एक के शेष

### आक्रामक बल्लेबाज शशांक बोले-

क्रिकेट शुरू किया था उस समय एमपी में क्रिकेट डेवलप नहीं हुआ था। मुंबई ट्रांसफर लेना पापा के लिए भी मुश्किल था क्योंकि एमपी में स्टेबल थे। अच्छी जगह क्रिकेट खेलू इसलिए पापा ने अपना ट्रांसफर मुंबई मेरे लिए लिया था। बहुत कम लोग होते हैं, जिनकी फैमली इतना सपोर्ट करती हैं। मुझे यह मिला है। पापा ने मेरे टैलेंट को बेहतर किया है।

**सवालः पिता चाहते थे इसलिए क्रिकेटर बने या फिर ....।**

**जवाबः** मुंबई में सुर्य कुमार यादव और मैं एक ही क्लब में थे। बचपन से सचिन सर को क्रिकेट खेलते हुए देखा है। अंडर 19 मैच के दौरान सचिन सर से भी मुलाकात हुई थी। उन्होंने अपने सपनों के बारे में हमें बताया था, जब मुलाकात हुई तो क्रिकेट को लेकर मोटिवेशन भी आया। क्रिकेट केरियर के पीछे सचिन सर का बहुत बड़ा हाथ है। मुंबई के डोमेसट्रिकल क्रिकेट ने भी टैलेंट को बेहतर बनाने में मदद की।

**सवालः आपकी पहचान ऑल आउंडर के रूप में है, लेकिन आपने खुद को किस रूप में तैयार करना चाहते है?**

**जवाबः** पिछले आईपीएल में बॉल डालने का मौका मिला था, इस बार नहीं मिला। बेटिंग के साथ बॉलिंग में भी फोकस कर रहा हूं। मेरा मानना है कि अगर एक मैच में दो तीन ओवर डाला और विकेट मिल गया तो टीम को इसका फायदा होगा। आगे आप मुझे एक बेहतर ऑल आउंडर के रूप में जानेंगे।

**सवालः तीन फार्मेंट में क्रिकेट खेला जा रहा है। पहले किस फार्मेंट में खेलना चाहते थे और अब किस रूप में देख रहे हैं?**

**जवाबः** मुंबई से छत्तीसगढ़ रेड बॉल के लिए आया था। मुंबई में खेलने नहीं मिल रहा था। हमेंशा से सपना रहा है कि फंस्ट क्लास में अच्छा खिलाड़ी बनना है। रेड बॉल में किक्रेट कठीन होता है। मुझे अभी और मेहनत करनी है। वाइ बॉल में टी-20 और वनडे में अच्छा खिलाड़ी हूं।

**सवालः राष्ट्रीय स्तर पर आपका करियर 2015 से शुरू हुआ था, आज 2024 है, जहां आपको पहुंचना था वहां पहुंच गए कि अभी आप पड़ाव में है?**

**जवाबः** पहुंचना बहुत आगे हैं, जिस समय मैंने क्रिकेट को चुना था उस तय कर लिया था कि इंडिया के लिए खेलना है। जीवन में उतार चढ़ाव आते हैं, लेकिन लक्ष्य वही है। इंडिया के लिए खेलना का सपना पूरा नहीं हुआ है, इसके लिए पूरी मेहनत चालू है। मैं खुश हूं, जो भी कर रहा हूं।

**सवालः क्रिकेट में आपने अपना गॉडफादर कोई ढूंढ पाए या नहीं ? या फिर इसकी भी तलाश जारी है।**

**जवाबः** मुंबई में कोच थे विद्या पराकर जिन्होंने मेरे किक्रेट को काफी बेहतर किया है। मैं हमेंशा उनका शुक्रगुजार रहूंगा। जब मैं सनराइज हैदराबाद में गया वहां ब्रेरन लारा सर मिले उनकी वजह से आज जब बेटिंग करने जाता हूं तो अच्छे मेंटर जोन में रहता हूं। जब मुझे कोई समस्या होती है क्रिकेट को लेकर तब मैं लारा सर से बात कर लेता हूं।

**सवालः प्रीति जिंटा को आपका खेल पंसद आया कि नहीं या उन्होंने लगाता है गलत खिलाड़ी चुन लिया।**

**जवाबः** प्रीति मैम हमारा काफी सपोर्टिंग है। हम क्रिकेट के साथ-साथ फिल्मों के बारे में भी बात करते हैं। क्रिकेट को लेकर बहुत ज्यादा नॉलेज है। उन्हें सब पता रहा है कि छत्तीसगढ़ के कौन खिलाड़ी कैसे खेल रहा है। मुझे लाइक करती हैं। सोशल मीडिया में मेरे लिए उन्होंने फोटो के साथ तारीफ भी की थी। यह मेरे लिए बड़ी बात है।





तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध उत्पाद से भिन्न हो सकता है। तस्वीर में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं। रंगों और किस्मों के आधार पर फीचर्स भिन्न हो सकते हैं। फाइनेंस ऑफर पर निर्णय लेने का अधिकार केवल फाइनेंसर का है। नियमों व शर्तों को पूरा करने पर ही फाइनेंस उपलब्ध कराया जाएगा। #स्रोत: जून 2001 से जून 2023 तक ब्रांड एक्टिवा की बिक्री के कुल आँकड़े। * नियम व शर्तें लागू।

न्यूनतम ब्याज दर @ 8.49%* | न्यूनतम EMI ₹2499* | डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें | ACTIVA 30 MILLION# | CLICK BOOK RELAX

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** AARANG: V Shree Honda - 9993908971, 9893728947; ABHANPUR: Patel Honda - 9009328660; BAGBHARA: Sri Sai Honda - 7697767777; BALODA BAZAR: Kiran Honda - 7049518181, 8839950369; BASNA: Laxmi Honda - 9174137571; BEERGAON: Vishwanath Honda - 9300133077; PALARI: Shri Ram Honda - 8305759763; BEMETARA: Sri Rama Honda - 8827050000, 7824222521, 8827120000; BHAKARA: Nitesh Honda - 9907975628; BHATAPARA: Kiran Honda - 9111353292; BHILAI: Anaal Honda - 9589090022/26/29, 9589090024/27; Aan Honda (Nehrunagar) - 9826635600, 0788-4013336; BIJAPUR: Ansh Honda - 9424299203; CHARODA: Rahul Honda - 9827193194; CHARAMA: Neeraj Honda - 9425230052; CHUIKHADAN: Shri Radhey Honda - 9691692500; DALLIRAJHARA: Shri Subh Honda - 7748285747, 9406082344; Shri Subh Honda(Balod)- 9425564232, 9584077772; DHAMTARI: ShriShyam Honda - 07722-233255, 9827900750; DHARSIVA: R S.Honda - 9669880000; DONDEKHURD: Yash Honda - 9826146586; DONGARGARH: Gagan Honda - 9806869214; DURG: Shree Sairam Honda - 0788-4017246, 0788-4017740, 9827349450; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; FINGESHWAR: Bangani Honda- 9425402966; GIDHORI: Subhkamana Auto -7389320271; GUNDERDEHI: Sapan Honda - 7354340000, 0788-2628333; GURUR: Baba Honda - 9827936712; JAGDALPUR: Waheguru Honda - 7587006395, 9425590501, 8435090001; KONDAGAON: Danteshwari Honda - 9294566660; SUKMA: Akash Honda - 9424287457, 7587341845; PHARASGAON: Shri Deo Honda - 9993861735; KANKER: Shivnath Honda - 8720008800, 9644059600; KASDOL: Laxmi Honda - 8871233553; KESHKAL: Chattishgarh Honda - 9993293467; KHAIRAGARH: Akshat Honda - 9406534734; KURUD: Shri Shyam Honda - 07705223590, 8817898279; MAGALOAD: Dewangan Honda - 9098136447; MAHASAMUND: Sri Aryan Honda - 8120070000, 08964022000; MANDIR HASAUD: Gurukripa Honda - 9827892427: NAGRI: Nahta Honda- 9424211105; NAWAGARH: Raja Honda - 9826067896; PAKHANJUR: Disha Honda - 6261666932, 9406453860, PANDUKA (GARIABAND): Shresth Honda - 8109902966; RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444, 9826142444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; RAJIM: Gulab Honda - 8839708788; RAJNANDGAON: Anshdeep Honda - 07744-223100, 9425559359, 9303730201; Manraj Honda - 07744-223333, 8435999991, 8435999992; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781, 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415, 94242157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; SEJBAHAR: R.S Honda - 9754123000; KHARORA: B.K Honda - 9867224777; TILDA: Agrawal Honda - 9424200104; UTAI: Ganpati Honda - 09926083389; AMBAGARH CHOWKI: Nihal Honda - 8719911000, 9165143484; SARAIPALI: Pukraj Honda - 8889798000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

## बैंक ऑफ इंग्लैंड ने ब्याज दर 5.25 फीसदी पर स्थिर रखा




**लंदन।** ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को नीतिगत ब्याज दर को 16 साल के उच्चस्तर 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने के साथ ही आने वाले समय में इसमें कटौती के भी संकेत दिए। बैंक ऑफ इंग्लैंड की नौ सदस्यों वाली मौद्रिक नीति समिति ने सात:दो के बहुमत से ब्याज दरों को स्थिर रखने का फैसला किया। इस फैसले से असहमत दो सदस्य ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती किए जाने के पक्ष में थे।

# नई जनरेशन की मारुति स्विफ्ट हुई लांच, कीमत 6.49 लाख रुपए से शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- नौ तरह के एक्सटीरियर रंगों में लांच किया गया

मारुति सुजुकी ने भारत में न्यू जनरेशन स्विफ्ट को लांच कर दिया है। नई स्विफ्ट को 6.49 लाख रुपए की एक्स-शोरूम कीमत पर लाया गया है। वहीं इसके टॉप वैरिएंट की कीमत 9.65 लाख रुपए, एक्स-शोरूम तय की गई है। नई स्विफ्ट को कुल 9 तरह के एक्सटीरियर रंगों में लांच किया गया है। इनमें सिंगल टोन और डुअल टोन दो तरह के रंग शामिल हैं। कंपनी ने दो नए कलर शेड- लस्टर ब्लू और नोवल ऑरेंज को भी लांच किया है। नई मारुति स्विफ्ट की माइलेज भी सामने आ चुकी है जो इसके पुराने मॉडल से 14 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के मुताबिक, स्विफ्ट के मैनुअल वैरिएंट्स में 24.8 केएमपीएल और ऑटोमैटिक वैरिएंट्स में 25.75 केएमपीएल की माइलेज मिलती है।

### ऑटोमैटिक वैरिएंट्स में 25.75 केएमपीएल की माइलेज मिलती है

#### नए फीचर्स से हुई लैस

अगर फीचर्स की बात करें तो न्यू जनरेशन मारुति स्विफ्ट में अब कई नए फीचर्स मिल रहे हैं। कंपनी इसके सभी वैरिएंट्स में स्टैंडर्ड तौर पर 6 एयर बैग दे रही है। इसके अलावा हिल होल्ड असिस्ट, थ्री पॉइंट सीट बेल्ट और नया सस्पेंशन सेटअप भी दिया गया है। 2024 स्विफ्ट के केबिन में अब पहले से बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है जो बलेनो और फ्रॉन्क्स से प्रेरित है।




#### इंजन और ट्रांसमिशन

न्यू जनरेशन स्विफ्ट में कंपनी ने नया जेड-सीरीज 1.2-लीटर, तीन-सिलेंडर पेट्रोल इंजन दिया है जो 82 एचपी की पॉवर और 108 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इंजन मैनुअल गियरबॉक्स के साथ ही इसमें सीवीटी ट्रांसमिशन से भी लैस है। इसके कुछ वैरिएंट में माइल्ड-हाइब्रिड तकनीक भी उपलब्ध है।

#### डायमेंशन

नई स्विफ्ट की लंबाई 3,860 मिमी, चौड़ाई 1,695 मिमी और ऊंचाई 1,500 मिमी है। यह अपने पुराने मॉडल की तुलना में 15 मिमी लंबी, 30 मिमी ऊंची और 40 मिमी चौड़ी है। हालांकि, इसका व्हीलबेस पुराने मॉडल जैसा ही है।

#### वैरिएंट और रंग

2024 मारुति स्विफ्ट पांच वैरिएंट –एलएक्सआई, वीएक्सआई, वीएक्सआई (ओ), जेडएक्साई और जेडएक्सआई(प्लस) में उपलब्ध होगी। इसमें नौ अलग-अलग पेंट विकल्प भी मिलेंगे, जिनमें मोनोटोन और डुअल-टोन दोनों विकल्प शामिल हैं।

## चौतरफा बिकवाली से निवेशकों के डूबे 7.34 लाख करोड़

# चुनाव को लेकर अनिश्चितता से सेंसेक्स 1,062 अंक लुढ़का, निफ्टी 22,000 अंक से नीचे फिसला

एजेंसी ⏭ मुंबई


स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स ने 1,062 अंक का गोता लगाया जबकि निफ्टी लुढ़क कर 22,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार में गिरावट आई है। इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी पूंजी निकासी और एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली दबाव से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई।

#### निफ्टी 345 अंक टूटा

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 1,062.22 अंक लुढ़क कर 72,404.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,132.21 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 345 अंक की गिरावट के साथ 21,957.50 अंक पर बंद हुआ।

#### निवेशकों को 7.34 लाख करोड़ का नुकसान

बीएसई सेंसेक्स में बृहस्पतिवार को तेज गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 7.34 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार 7,34,513.48 करोड़ रुपये घटकर 3,93,34,896.14 करोड़ रुपये रहा। इससे पहले, दो मई को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण रिकॉर्ड 4,08,49,767.90 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था।



- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने की भारी बिकवाली
- एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी व रिलायंस में बिक्री से बाजार प्रभावित
- कंपनियों के परिणाम और चुनाव को लेकर अनिश्चित बना रही

#### टाटा मोटर्स रही लाभ में

दूसरी तरफ टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस और एचसीएल टेक लाभ में रहे। छोटी कंपनियों के शेयरों का सूचकांक बीएसई स्मॉलकैप 2.41 प्रतिशत तथा मिडकैप 2.01 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 6,669.10 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

#### *एलएंडटी का शेयर पांच फीसदी टूटा*

*सेंसेक्स के शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो मार्च तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद पांच प्रतिशत से अधिक नीचे आया। इसके अलावा एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईटीसी, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और पावरग्रिड में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही।*

#### निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। मुख्य रूप से कंपनियों के चौथी तिमाही के वित्तीय परिणाम और आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता को देखते हुए निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया और बाजार से दूरी बनायी।'

#### कारोबारी दूर रहने से निफ्टी में तेज गिरावट

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, 'संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और चुनाव आगे बढ़ने के साथ असमंजस की स्थिति के कारण कारोबारियों के दूर रहने से निफ्टी में तेज गिरावट आई...।'

#### एशियाई बाजार नुकसान में रहे


एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में भी बुधवार को मिला-जुला रुख रहा था।

# अप्रैल में भर्ती गतिविधियां नौ प्रतिशत बढ़ीं : रिपोर्ट

- उत्पादन और विनिर्माण का रहा दबदबा
- स्वास्थ्य सेवा, रसायन एवं उर्वरक, इंजीनियरिंग क्षेत्र में रहा सुधार

एजेंसी ⏭ मुंबई

देश के भीतर अप्रैल में सालाना आधार पर भर्तियों में नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है जो रोजगार अवसरों में सुधार की तरफ इशारा करता है। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया। फाउंडइट (पूर्व में मॉन्स्टर) के ऑनलाइन भर्ती सूचकांक से पता चलता है कि अप्रैल महीने में मुख्य रूप से उत्पादन एवं विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, रसायन एवं उर्वरक, इंजीनियरिंग, सीमेंट, निर्माण और खुदरा क्षेत्रों में नियुक्तियों में सुधार आया है। फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर के मुताबिक, खुदरा, वाहन, रियल एस्टेट, सूचना प्रौद्योगिकी और तेल/ गैस/ बिजली उद्योगों में इस महीने नियुक्तियों में मध्यम वृद्धि देखी गई। इसके उलट कृषि-आधारित उद्योगों, पोत परिवहन, दैनिक उपभोग के उत्पाद (एफएमसीजी) और प्रिंटिंग/ पैकेजिंग जैसे क्षेत्रों में भर्तियां सालाना आधार पर घटी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में इस साल अप्रैल में स्टार्टअप कंपनियों की संख्या में 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई



है। इन नई कंपनियों की नौकरियों की कुल संख्या में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। फाउंडइट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी शेखर गरीसा ने कहा, स्टार्टअप में आधी से अधिक नौकरियों के विज्ञापन नए लोगों के लिए हैं।

#### *उत्पादन व विनिर्माण में नियुक्तियां 31 फीसदी बढ़ी*

*उत्पादन और विनिर्माण क्षेत्र में नियुक्तियों में 31 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इससे वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने के भारत के दृष्टिकोण को मजबूती मिलेगी। फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर (फिट) फाउंडइट द्वारा संचालित ऑनलाइन जॉब पोस्टिंग गतिविधि का एक व्यापक मासिक विश्लेषण है।*

## भारतीय स्टेट बैंक का बढ़ा शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने गुरुवार 9 मई को वित्त वर्ष 2023-24 के चौथी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। बैंक ने जनवरी-मार्च के बीच रिकॉर्ड प्रॉफिट हासिल किया है और बैंक का नेट प्रॉफिट 24 फीसदी तक बढ़ गया है। इस दौरान बैंक ने 20,698 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट कमाया है। वहीं पिछले साल समान तिमाही में बैंक का नेट प्रॉफिट कुल 16,695 करोड़ रुपये का था। बैंक ने तिमाही के नतीजे जारी करने के साथ ही डिविडेंड का भी ऐलान किया है। तिमाही के नतीजे जारी करने के बाद बैंक के शेयर में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई है और यह 1.13 फीसदी तेजी के साथ 820 रुपये पर बंद हुए हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने शेयरधारकों को डिविडेंड का भी तोहफा दिया है।

# घर, वाहन महंगे होने से घटी घरेलू बचत : अर्थशास्त्री

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

घरेलू बचत में वित्त वर्ष 2023-24 में लगातार तीसरे साल गिरावट आने का अनुमान है, क्योंकि आवास और वाहन ऋण पर बढ़ते ब्याज के कारण देनदारियों में वृद्धि जारी है।

हालांकि, व्यक्तिगत ऋण पर भारतीय रिजर्व बैंक के अंकुश से 2024-25 में यह प्रवृत्ति उलट सकती है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी ताजा राष्ट्रीय खाता सांख्यिकी-2024 के अनुसार, शुद्ध घरेलू बचत तीन वर्षों में 2022-23 तक नौ लाख करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 14.16 लाख करोड़ रुपये रह गई।



#### कोविड की दूसरी लहर के बाद से आई गिरावट

वित्त वर्ष 2020-21 में घरेलू बचत 23.29 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। उस वर्ष कोविड-19 की दूसरी लहर आई थी। हालांकि, उसके बाद से इसमें गिरावट जारी है। इसके बाद यह 2021-22 में यह 17.12 लाख करोड़ रुपये और 2022-23 में 14.16 लाख करोड़ रुपये पर आ गई।

# सा.बा. इंफ्रावेंचर्स के नए प्रोजेक्ट एसबी सेंट्रम की लांचिंग कल

- रायपुर और भिलाई के मध्य स्थित है सर्वसुविधायुक्त विश्वस्तरीय कॉलोनी



**रायपुर।** रायपुर और भिलाई के मध्य चरोदा स्थित एस.बी. सेंट्रम का निर्माण विश्व स्तरीय मानक को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। जहां न केवल विश्वस्तरीय कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है बल्कि विश्वस्तरीय बंगले का भी निर्माण किया जा रहा है।

जिसके तहत इलेक्ट्रिसिटी, सीवरेज एवं स्ट्रोम वाटर का काम अंडरग्राउंड किया जा रहा है। साथ ही यहां बच्चों के लिए चिल्ड्रन थीम पार्क, बड़ो के लिए सर्वसुविधायुक्त क्लब, जिम, मल्टीपर्पस हॉल, स्क्वाश कोर्ट, इंडोर गेम्स, स्विमिंग पूल, लॉन टेनिस कोर्ट, गार्डन आदि की सुविधा है। परिसर के अंदर एक 8000 वर्गफीट एरिया पर भव्य मंदिर भी प्रस्तावित है। कॉलोनी के सुरक्षा के लिए 24/7 सर्विलेंस कैमरे को भी लगाया गया है। एसबी सेंट्रम की लांचिंग 11 और 12 मई को होगी। जहां आप विजिट कर अपने सपनो के बंगले की बुकिंग करा सकते हैं। सा.बा. इंफ्रावेंचर्स के डायरेक्टर संजय बघेल ने अनुसार यह कॉलोनी उनके 35 वर्ष के अनुभव का परिणाम है, समय-समय पर वह कॉलोनी में क्या बेहतर हो सकता है इस विषय पर भी वैश्विक स्तर के मानकों व कौन-सी ऐसी तकनीक जो कॉलोनी के लिए बेहतर हो सकती है इस पर निरंतर सजग रहते हैं। संजय बघेल ने यह स्पष्ट किया की कॉलोनी के लिए जो सुविधा की बात कही है उसे सही समय पर पूरा करना उनकी गारंटी है। कंपनी की अन्य डायरेक्टर संजना बघेल ने कहा कि संजय बघेल के अनुभव व उनकी अपनी आधुनिकता इस कॉलोनी को बाकियों से अलग बनाता है यह कॉलोनी निश्चित रूप से सारी सुविधाओं से परिपूर्ण रहेगा।

# चांदी में रही डेढ़ हजार रुपए की बड़ी गिरावट

- सोना 50 रुपए घटकर 72,250 रुपए प्रति दस ग्राम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार दिल्ली में सोने की कीमत 50 रुपये की गिरावट के साथ 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,500 रुपये लुढ़ककर 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 84,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



## इंडियन ओवरसीज बैंक ने कमाया 810 करोड़ का लाभ

**चेन्नई।** इंडियन ओवरसीज बैंक ने बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 810.42 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा कमाया है। बैंक ने पिछले वर्ष की इसी तिमाही के दौरान 655.63 करोड़ रुपये का एकीकृत मुनाफा दर्ज किया था।




# उज्जवल ज्वेलर्स में गहनों की खरीदी पर पाएं गोल्ड क्वाइन फ्री

**रायपुर।** सदरबाजार स्थित उज्जवल ज्वेलर्स ने आने वाले त्योहार और अक्षय तृतीया को ध्यान में रखकर अपने ग्राहकों के लिए एक खास ऑफर की पेशकश की है। जहां शादी-ब्याह समेत अन्य अवसरों के लिए मनभावन गहनों की खरीदी करने पर पाएंगे गोल्ड क्वॉइन वो भी फ्री। इस ऑफर के चलते शादी-ब्याह की खरीदारी के लिए हर दिन लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। यहां कस्टमर की पसंद के हिसाब से डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी की विशाल रेंज उपलब्ध है। उज्जवल ज्वेलर्स के डायरेक्टर उज्जवल झाबक ने बताया कि हमारे यहां डायमंड ब्राइडल ज्वेलरी कलेक्शन की शुरूआत 1 लाख से हो जाती है। साथ ही रजवाड़ा, एंटिक, पोलकी, टेंपल ज्वेलरी की विशाल रेंज उपलब्ध है। इसके साथ ही ग्राहक को अपने सोने की जांच गोल्ड टेस्टिंग मशीन में एवं हीरे की जांच डायमंड टेस्टिंग मशीन में करवाने की सुविधा भी शोरुम में उपलब्ध है। साथ ही उज्जवल ज्वेलर्स में ग्राहकों को बेचे हुए जेवर पर आजीवन फ्री रिपेरिंग और पुराने जेवर पर शून्य कटौती का लाभ भी मिल रहा है।



# लाखों लोग देखने आते हैं झील के किनारे बसे सुंदर से गांव को

**नमक की खदान और खोपड़ियों के घर के लिए भी है मशहूर!**

**लंदन।** ऑस्ट्रिया का हॉलस्टैट पहाड़ों के बीच झील के किनारे बसा सुंदर सा गांव है। इसकी खूबसूरती देखने के लिए लाखों लोग दूर-दूर से आते हैं। यहां की 7 हजार साल पुरानी नमक की खदान, एक खोपड़ियों के घर के अलावा भी कई बातें हैं जिनके कारण लोग इसे देखना चाहते हैं।वैसे तो यूरोप पर्यटकों को खास तौर से आकर्षित करता है। लेकिन ऑस्ट्रिया के साल्ट्जकामेर्गट इलाके में एक खूबसूरत झील के किनारे एक गांव है जहां की आबादी केवल 800 की है। फिर भी यहां हर साल दूर-दूर से लाखों लोग इसे देखने आते हैं। यह हॉलस्टैट झील के पश्चिमी किनारे पर बसा है, जिसकी खूबसूरती अलग ही होती है।

ऊपरी ऑस्ट्रिया में बसा यह गांव अपनी अनोखे खूबसूरत प्राकृतिक नजारों के लिए मशहूर है। आसपास के अलग -अलग रंग के पहाड़ और खूबसूरत रंगों के मकान, कहीं से आसपास देखने पर सुंदर नजारे ही दिखने को मिलते हैं। 19वीं सदी तक यहां केवल नाव से या फिर संकरे रास्तों से ही पहुंचना संभव था। पुरातन नमक की खदान होने के बावजूद यहां का प्राकृतिक इंसानों के दखल से कम ही प्रभावित रहा है। यहां के सेंट माइकल चैपल के प्रांगण में स्थित बेइनहौस या बोन हाउस काफी प्रसिद्ध है। इसमें हॉलस्टैट के 1200 पूर्व निवासियों की खोपड़ियां शामिल हैं। हॉलस्टैट वास्तव में एक छोटा सा गांव है, इसलिए वहां दफनाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं थी। इसलिए चर्च ने पुरानी कब्रों को हटाकर जगह बनानी शुरू कर दी और खोपड़ियों को नई जगह पर रख दिया। इसकी शुरुआत 1720 के दशक में हुई थी और आखिरी खोपड़ी 1995 में लगाई गई थी।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com

